दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 53
कोटद्वार बुधवार
14 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## धधक रहे जंगल, खाक हो रही वन संपदा



लैंसडौन वन प्रभाग के जंगलों में लगी आग से उठता धुंआ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : गर्मी बढ़ने के साथ ही जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी है। लैंसडौन वन प्रभाग क्षेत्र के साथ ही आसपास के जंगल लगातार धधक रहे हैं। जंगल की आग से सैकड़ों किलोमीटर में फैली वन संपदा जलकर खाक हो गई।

पिछले कई दिनों से लैंसडौन वन प्रभाग क्षेत्र के अंतर्गत कोटद्वार, लैंसडौन व दुगड्डा रेंज के जंगलों में आग लगी हुई है। धीरे-धीरे यह आग विकराल रूप धारण करने लगी है। सिद्धबली मंदिर के समीप भी पहाड़ियां धधकती रही। सिलोगी, जदला, दुगड्डा, लैंसडौन सहित आसपास के क्षेत्र में लगातार आग बढ़ती जा रही है। विकराल होती आग के आगे वन विभाग भी हिम्मत हार चुका है। चौतरफा आगे के कारण वन्य जीवों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। हालांकि, वन विभाग की ओर से आग पर काबू पाने के लिए वन कर्मी व फायर वाचर तैनात किए गए हैं। लेकिन, वह भी आग को बुझाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। ऐसे में अब वन विभाग आग पर काबू पाने के लिए बारिश का इंतजार कर रहा है।

## दिल्ली एनसीआर, चंडीगढ़ और पंजाब समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर, जम्मू-कश्मीर, पंजाब और चंडीगढ़ में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। दस सेकंड तक भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस दौरान लोग घरों से बाहर निकल आए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की 5.4 मापी गई है।




न्यूज एजेंसी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ से 30 किमी दक्षिण पूर्व में रिक्टर पैमाने पर 5.4 तीव्रता का भूकंप आया। पूंछ में काफी तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए।

दिल्ली में भूकम्प विज्ञान निदेशक ओपी मिश्रा ने बताया कि दोपहर 1:33 बजे जम्मू-कश्मीर के डोडा में 5.4 रिक्टर स्केल का एक भूकंप आया। 5.4 की तीव्रता का भूकंप मध्यम से ताकतवर भूकंप की श्रेणी में आता है। कई क्षेत्रों में झटके महसूस किए गए हैं। 4 से 4.4 रिक्टर पैमाने तक के भूकंप की दोबारा संभावना बनी हुई है। इस भूकंप का चक्रवात बिपरजॉय से कोई संबंध नहीं है।

पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। कुछ सेकेंड के लिए धरती हिली। घबराए लोग अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। पंजाब में गुरदासपुर, होशियारपुर, लुधियाना और जालंधर समेत पूरे प्रदेश में लोगों को हल्के झटके लगे। वहीं हरियाणा में फतेहाबाद में हल्की कंपन हुई तो घबराए लोग अपने घरों से बाहर आ गए।

हिमाचल प्रदेश में भी मंगलवार को दोपहर 1:33 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके लगते ही लोग दहशत में घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। हालांकि जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। चंबा जिले के भरमौर, कुल्लू, ऊना, हमीरपुर, मंडी में भूकंप के झटके महसूस किए गए। राज्य आपदा प्रबंधन के प्रवक्ता के बताया कि प्रदेश के कई जिलों में भूकंप के झटके लगे हैं। फिलहाल कोई नुकसान नहीं हुआ है। वहीं हिमाचल प्रदेश के पड़ोसी राज्य जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ से 30 किमी दक्षिण पूर्व में रिक्टर पैमाने पर 5.7 तीव्रता का भूकंप आया

## वृंदावन में प्रेम मंदिर के गोदाम में लगी भीषण आग

**मथुरा, एजेंसी।** मथुरा के वृंदावन में प्रेम मंदिर के गोदाम में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि धुएं का गुबार एक किलोमीटर दूर तक देखा जा रहा था। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। आग पर काबू पाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया गया है कि आग शाम के समय लगी। गोदाम से आग की लपटों को उठता देख मौजूद कर्मचारियों के होश उड़ गए। फायर विभाग को सूचना देने के साथ ही आग पर काबू पाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए गए, लेकिन आग तेजी से बढ़ती ही जा रही थी।सूचना मिलने के बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। आग कितनी भीषण थी इसका अंदाजा महज इस बात से लगाया जा सकता है कि इसका धुएं का गुबार एक किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रहा था।

**पेपर लीक मामले में ईडी की बिजनौर में बड़ी कार्रवाई**

## मास्टरमाइंड केंद्रपाल के घर पर मारा छापा

**देहरादून।** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अलग-अलग जगह पर ईडी की रेड पड़ी है। यूकेएसएसएससी पेपर लीक घोटाले को लेकर यह कार्रवाई की जा रही है। घोटाले में शामिल आरोपियों के घरों में ईडी की टीमें मौजूद हैं और कार्रवाई कर रही हैं। आरोपितों ने घोटाले से कमाया पैसा हवाला के जरिए भी लगाया था। प्रदेश के कई जिलों में ईडी की टीम कार्रवाई कर रही है। देहरादून के दशमेश विहार में टीम पहुंची है। बता दें कि आरोपित हाकम सिंह रावत की प्रॉपर्टी दशमेश विहार में है।



पेपर लीक मामले में ईडी की टीम ने जसपुर के मौहल्ला जुलाहान व हाल मानुपर रोड प्रकाश रेजीडेंसी निवासी संदीप शर्मा के आवास पर सम्पत्ति की जांच हेतु कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने परिवार से जरूरी जानकारी भी इकट्ठा की।बतादें कि सितंबर 2022 में एसटीएफ ने जसपुर के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के मालिक को गिरफ्तार किया है। आरोपित के मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा में भी तीन आयुर्वेदिक और पैरामेडिकल कॉलेज हैं। उसने पेपर को गाजियाबाद के फ्लैलट में हल कराकर अभ्यर्थियों को मुहैया कराए थे।आरोपित न्यायालय के आदेश पर इस समय जेल में बंद है। टीम ने मंगलवार प्रातः करीब 6 बजे उसके निवास पर पहुंचकर सम्पत्ति की जांच की व परिजनों से पूछताछ कर जरूरी जानकारी प्राप्त की। समाचार लिखे जाने तक टीम आठ घंटे से पूछताछ व अपनी कार्रवाई में लगी हुई थी।यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में गिरफ्तार केंद्रपाल फिलहाल सुद्धोवाला जेल में बंद है। मंगलवार सुबह ईडी ने मास्टरमाइंड केंद्रपाल के घर धामपुर में छापा मारा।

## भैंसकोट के पास खाई में गिरी कार, यूवक की मौत

**श्रीनगर गढ़वाल :** खिर्सू-श्रीनगर मोटर मार्ग पर भैंसकोट के समीप एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से 108 सेवा के माध्यम से बेस चिकित्सालय श्रीकोट भर्ती करवाया गया। जहां घायलों का इलाज चल रहा है।

कोतवाली श्रीनगर के वरिष्ठ उपनिरीक्षक संतोष पैथवाल ने बताया कि भैंसकोट के समीप सोमवार देर रात्रि एक कार अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 40 मीटर नीचे खाई में जा गिरी। घटना में वाहन चालक कौशल चमोली (36) पुत्र मोहन चमोली निवासी ग्राम बलोड़ी श्रीनगर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अंकित (33) पुत्र जयकृत, शिशांक बहुगुणा (31) पुत्र हीरा बल्लभ बहुगुणा, सुशील सिंह (38) पुत्र गजपाल सिंह तीनों निवासी बलोड़ी श्रीनगर बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए बेस असपताल श्रीनगर भर्ती किया गया है।

उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि इस घटना में मृतक कौशल चमोली की जन्म दिन की पार्टी थी। खिर्सू की ओर से वह पार्टी कर वापस लौट रहे थे। इस दौरान यह दुर्घटना हुई। (एजेंसी)

## व्यापारी बोले-हमने दुकान छोड़ने को नहीं कहा, मुस्लिम समुदाय ने कहा- हमें किसी से नहीं शिकायत

**पुरोला (उत्तरकाशी)** । डीएम, एसपी जब पुरोला के लोगों को समझाने पहुंचे तो व्यापारियों ने साफ कहा कि उन्होंने किसी को दुकान छोड़ने को बाध्य नहीं किया। दूसरी ओर, मुस्लिम समुदाय ने भी कहा कि उन्हें किसी से कोई शिकायत नहीं है। कुछ शरारती तत्व माहौल बिगाड़ रहे हैं। वहीं, नगर पंचायत अध्यक्ष हरिमोहन ने तो पोस्टर लगाने वालों पर कार्रवाई की मांग भी की।

डीएम ने सभी से सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील की।सोमवार को पुरोला पहुंचे जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला और एसपी अर्पण यदुवंशी की व्यापार मंडल और मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ करीब ढाई घंटे बैठक चली।



# चिन्हित पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें : डीएम



रुद्रप्रयाग : जिले को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने व पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला पर्यटन विकास समिति (डीटीडीसी) की बैठक आहूत हुई। आयोजित बैठक में पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन के संबंध में की गई कार्यवाही से जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जिला पर्यटन अधिकारी को चिहिन्त पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकास खंड जखोली के अंतर्गत चिरबटिया में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से संचालित करने के लिए तथा जवाड़ी बाईपास पर निर्मित पार्क को ग्राम पंचायत जवाडी के माध्यम से संचालित करने के लिए अनुबंध तैयार करते हुए एवं प्रभागीय वनाधिकारी को समन्वय स्थापित करते हुए इसमें जो भी आवश्यक सुविधाएं एवं गतिविधियां संचालित की जा सकती हैं इस संबंध में ग्रामीणों के एवं वन विभाग के साथ आवश्यक बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिम कार्बेट भवन गुलाबराय के संचालन तथा रख–रखाव को लेकर भी जिला पर्यटन अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए तथा चंद्रापुरी स्यालसौड़ में स्थित सूचना केंद्र के संचालन के संबंध में भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने केदारनाथ मार्ग के सीतापुर पार्किंग तथा पार्किंग में बनी दुकानों के आवंटन को लेकर आवश्यक कार्यवाही करने व गौरीकुंड में बने तप्तकुंड के संचालन के लिए जीएमवीएन, सुलभ इंटरनेशनल एवं स्थानीय ग्रामीणों के माध्यम से संचालित करने के संबंध में सभी के साथ आवश्यक बैठक करने के निर्देश दिए।

## देवप्रयाग के भुइट गांव के जंगल में धू-धू कर जले

नई टिहरी : जिले में स्मार्ट विलेज घोषित किये गए भुइट गांव के जंगल आग की चपेट में आने से धू-धू कर जल उठे। भुइट गांव के हाईवे के पास लगे जंगल में आग कई एकड़ तक फैल गई है।

आग के कारण कई प्रकार के हरे पेड़ भी जल कर स्वाहा हो गए। जंगल की आग से क्षेत्र के तापमान में भी बढ़ोतरी हो गई। मंगलवार को देवप्रयाग में पारा 39 डिग्री तक पहुंच गया। आग का धुआ देवप्रयाग के निकटवर्ती दनसाडा, भटकोट सहित आसपास के क्षेत्र में फैल गया। भुइट गांव के ग्राम प्रधान उमेर सिंह ने बताया शरारती तत्वों द्वारा जंगल में आग लगाने का काम किया गया है। कहा कि आग को काबू करने के लिए वन विभाग को सूचना दी गई है। ग्रामीणों की ओर से आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। (एजेंसी)



# पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान

विकासनगर। नगरपालिका के द्वारा मंगलवार को पालिका अध्यक्ष शांति जुवांठा के नेतृत्व में स्वच्छ सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम के तहत वार्ड–2 और वार्ड–11 में स्वछता अभियान चलाया गया। जिसमें उनके द्वारा वार्ड में साफ–सफाई की गई। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने कहा बरसात शुरू होने से पहले शहर के छोटे–बड़े नालों में सफाई कराकर कीटनाशक का छिड़काव किया जायेगा। पालिका अध्यक्ष ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा सभी अपने आसपास सफाई का ध्यान रखें। कहा नगरपालिका के समस्त वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

# जनता दर्शन में ग्रामीणों ने विधायक के सामने रखी बिजली कटौती की समस्या

विकासनगर। सहसपुर विधान सभा के सुद्धोवाला में मंगलवार को आयोजित जनता दर्शन में अघोषित बिजली कटौती को लेकर ग्रामीण भड़क उठे। विधायक सहदेव पुंडीर के समक्ष ग्रामीणों ने गर्मी के बीच बिजली कटौती पर कड़ी नाराजगी जाहिर की।

विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन में आए अधिकांश लोगों ने बिजली की अघोषित कटौती की समस्या रखी। डूंगा से आए बुजुर्ग सैन सिंह ने बताया कि दिन में पांच घंटे से अधिक बिजली कटौती की जा रही है। बिजली नहीं होने से ग्रामीणों को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। खेतों को सिंचाई का पानी नहीं मिलने के साथ ही पशुओं का चारा खिलाना भी मुश्किल हो जाता है। इसके साथ ही घर में रखे बिजली के उपकरण ठप होने से दिनचर्या प्रभावित हो रही है। कांसवाली कोठड़ी के रामेश्वर प्रसाद, रामसावाला के भुवन चंद्र ने जंगली जानवरों से हो रहे नुकसान की जानकारी दी। बताया कि हर दिन जंगली जानवर खेतों में खड़ी फसल को नष्ट कर रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। पौंधा की अमरावती रावत, चंद्रबनी की सुशीला वेदार्थी ने बाढ़ सुरक्षा के निर्माण कार्यों में हो रही देरी से होने वाली समस्याओं के बारे में बताया। इसके साथ ही लोगों ने विद्यालयों के जर्जर भवन, शिक्षकों की कमी, अस्पताल में पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिलने की समस्याओं से विधायक को रूबरू कराया। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं का निस्तारण करने के मौके पर ही निर्देश दिए। इस दौरान किसान मोर्चा के जिला महामंत्री सुखदेव फर्सवाण, राजू थापा, मंजू नेगी, कविता छेत्री, बल बहादुर थापा आदि मौजूद रहे।

## खस्ताहाल हुआ मीनस–क्वानू–हरिपुर मोटर मार्ग

विकासनगर। दो प्रदेशों को जोड़ने वाले मीनस–क्वानू–हरिपुर मोटर मार्ग का एक दशक से सुधारीकरण नहीं होने के कारण यहां हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। खासकर मीनस से क्वानू तक 18 किलोमीटर का हिस्सा खस्ताहाल बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश के शिमला, चौपाल, नेरवा, थरोच, झिकणीपुर, फेडिज, अतरोली, गुमा, शिलाई के साथ ही उत्तराखंड के आराकोट, चीवा, टिकोची, पंद्राणू, बानपुर, झिटाड़, कठंग, मझोग, रिशाणू, पलासू, अणू, अटाल, फेडिज, कपसाड़ आदि गांवों से सैकड़ों वाहन मीनस–क्वानू–हरिपुर मोटर मार्ग पर सैकड़ों यात्री वाहन और मालवाहक हर रोज चलते हैं।

# जिला अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को लेकर कांग्रेसियों ने काटा हंगामा



नई टिहरी : पीपीपी मोड से हटने के बाद जिला अस्पताल बौराड़ी में कई दिनों बाद भी पर्याप्त डाक्टरों व स्टाफ की तैनाती न होने से बदहाल हुई स्थिति को लेकर कांग्रेसियों ने जिला अस्पताल में हंगामा काटते हुए नारेबाजी कर इसके लिए प्रदेश सरकार व स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदार ठहराया। मंगलवार को भारी संख्या में कांग्रेसी जिला अस्पताल पहुंचे।

जहां पर न तो डाक्टर मिले, नहीं ही वार्डों में मरीज भर्ती मिले। ओपीडी के लिए मरीज डाक्टरों की तलाश में भटकते दिखे। जिस पर कांग्रेसियों ने हंगामा काटते हुए प्रदेश सरकार व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अस्पताल की स्थिति सुधारने की मांग की। जल्दी ही स्थिति न सुधरने पर व्यापक जन आंदोलन की चेतावनी दी। कांग्रसियों ने इस मौके पर कहा कि जब प्रदेश सरकार व स्थानीय जनप्रतिनिधियों को पहले ही पता था कि पीपीपी मोड से अस्पताल हटने वाला है, तो यहां के लिए डाक्टरों व स्टाफ की तैनाती की व्यवस्था क्यों नहीं कि। कई दिनों से जिला अस्तपाल में मरीजों को इलाज नहीं मिल रहा है। सीधे मरीजों को रैफर किया जा रहा है। मरीज ओपीडी के लिए दर–दर भटक रहे हैं।

## एक नजर

### शिविर में 40 मरीजों ने कराई जांच

नई टिहरी : मंगलवार को नई टिहरी व्यापार मण्डल के तत्वाधान में हंस फाउंडेशन सतपुली ने विद्या मंदिर मे एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में 40 मरीजों की आंखों का परीक्षण कर डाक्टरों ने निःशुल्क दवा व चश्मों का वितरण किया। इस मौके पर मोतियाबिंद के मरीज भी पहुंचे। जिनके लिए डाक्टरों ने अस्पताल में आपरेशन के साथ ही इलाज की सलाह दी। टिहरी व्यापार मण्डल अध्यक्ष ज्योति डोभाल ने कहा कि निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर से लोगों को लाभ मिला है। ऐसे शिविरों का आयोजन आगे भी किया जायेगा। इस मौके पर व्यापार मंडल के महामंत्री अजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज चमोली, उपाध्यक्ष जयेन्द्र पंवार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### खर्क और मेलगढ़ को सड़क से जोड़ने की मांग उठाई

नई टिहरी : जौनपुर क्षेत्र नैनबाग तहसील के ग्राम पंचायत सूंरासु के लोगों ने खर्क और मेलगढ तोक को सड़क से जोड़ने की मांग को लेकर धनोल्टी विधायक प्रीतम पंवार से देहरादून में भेंटकर इस संबंध में पत्र सौंपा। कांग्रेस प्रदेश सचिव जोत सिंह रावत ने कहा कि खर्क और मेलगढ को सड़क से जोड़ने की मांग के संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा कई बार शासन प्रशासन अवगत करवाया, लेकिन दो तोके सड़क से नहीं जुड़ पाई। उन्होंने विधायक से खर्क और मेलगढ़ को सड़क से जोड़ने की मांग की है।

### लापता आशाकार्यकत्री को पुलिस ने खोजा

नई टिहरी : पुलिस ने कई दिनों से लापता चल रही आशाकार्यकत्री को बरामद कर परिजनों के हवाले किया। परिजनों से इसके लिए पुलिस का आभार जताया है। पुलिस के अनुसार बीती 11 जून को बमण गांव के नरेंद्र सिंह ने पुलिस में तहरीर दी थी। कि उसकी पत्नी रजनी (35) आशा कार्यकत्री है। वह बीती 7 जून को घर से आशाओं की मीटींग में जाने की बात कहकर निकली और उसके बाद घर ही नहीं लौटी।

# छात्र–छात्राओं ने स्वच्छता रैली निकाल किया जागरूक




विकासनगर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज यमुना कॉलोनी डाकपत्थर में मंगलवार को खंड शिक्षाधिकारी के आदेशानुसार विद्यालय मे स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीसी और एनएसएस के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्र–छात्राओं ने उदघोष के साथ स्वच्छता रैली के माध्यम से जन जागरण का कार्य किया़।

स्वच्छता रैली में विद्यालय के अधिकांश शिक्षकों ने भी प्रतिभाग किया़। स्वच्छता कार्यक्रम में विद्यालय और उसके पास के क्षेत्रों में साफ–सफाई कर सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया़ गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुसुया प्रसाद जखमोला ने कहा कि स्वच्छता जीवन का अभिन्न अंग होना चाहिये। उन्होंने समस्त छात्र–छात्राओं को जीवन में स्वच्छता धर्म का पालन करने की सीख दी और स्वच्छ तन में स्वच्छ मस्तिष्क का निवास होता है। इस दौरान सचिन शर्मा, शिवानी भट्ट, नवीन उनियाल, रिंकी कवि पंकज थपलियाल, रेनू, चंदन सिंह कंडारी सोमदेव, प्राची आदि शामिल रहे।

## यूकेडी की ही देन है उत्तराखंडः पंवार

ऋषिकेश। ऋषिकेश में यूकेडी के कार्यकर्ता महासम्मेलन में नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया। उपेंद्र सकलानी को ऋषिकेश का नगर अध्यक्ष और सौरव सेमवाल को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। मंगलवार को दुर्गा मंदिर मालवीय नगर में यूकेडी के कार्यकर्ता महासम्मेलन में पहुंचे मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिवेंद्र सिंह पंवार ने कहा कि उत्तराखंड राज्य भाजपा और कांग्रेस की देन नहीं है। यह उत्तराखंड क्रांति दल के उन युवाओं की देन है, जिन्होंने राज्य को हासिल करने के लिए जान हथेली पर लेकर आंदोलन लड़ा। ऋषिकेश विधानसभा के प्रभारी व केंद्रीय महामंत्री मोहन सिंह असवाल ने कहा कि महानगर ऋषिकेश में बूथ लेवल तक नई कार्यकारिणियां बनाई जाएंगी। इससे संगठन मजबूत होगा।

इस दौरान उपेंद्र सकलानी को महानगर ऋषिकेश का अध्यक्ष और सौरव सेमवाल को कार्यकारी अध्यक्ष, कमला राणा को उपाध्यक्ष तथा गंगाराम सेमल्टी को कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से बनाया गया।

# बदहाल हड़या अलसी मोटर मार्ग दे रहा है दुर्घटनाओं को निमंत्रण

विकासनगर। हड़या–अलसी मोटर मार्ग जर्जर हाल हो चुका है। पिछले दिनों हुई भारी बारिश से मोटर मार्ग की स्थिति बदहाल हो चुकी है। मार्ग पर वाहनों का सफर करना मुश्किल हो रखा है। वहीं किसानों की नगदी फसलें समय से मंडी पहुंचाने में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। करीब डेढ हजार की आबादी को हड़या–अलसी मोटर मार्ग से प्रतिदिन आवाजाही करती है। लोनिवि को कई बार अवगत कराने के बावजूद भी मार्ग से मलबा नहीं हटाया गया है। जिसके चलते ग्रामीणो मे विभाग प्रति रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। अलसी से सकनी दो किलोमीटर मार्ग बहुत ही संकरा हो चुका है। मार्ग पर खाई कटी हुई है। जिस पर मार्ग पर कोई भी वाहन चालक चलने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों को आठ किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय कर कोठा पंजीया मोटर मार्ग से आना पड़ता है। जिससे समय की बर्बादी और अर्थिक नुकसान ग्रामीण किसानों को उठाना पड़ रहा है । ग्रामीण आशीष पंवार, मातबर सिंह, आलम सिंह पंवार, हुकम सिंह पंवार,कृपाल बिष्ट, ग्यार सिंह, परम सिंह पंवार, प्रेमदास वर्मा, रूपलाल, सियाराम सिंह , राजेश पंवार, रवि , धीरज, बबलू, तिलक आदि का कहना है कि कई जगह भूस्खलन से सड़क धंस चुकी है। पुस्ते टूटे हुए हैं, जिससे वाहन चालकों को लोड सड़क पर चढ़ने और उतरने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। दुपहिया वाहनों को भी दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है लोक निर्माण विभाग सहिया के अधिशासी अभियंता प्रत्यूष कुमार ने बताया कि बार–बार मलबा आने से मार्ग बंद रहता है, जिसको देखते हुए 15 जून से एक जेसीबी मशीन को मार्ग पर लगाया जाएगा।

# लैंड जिहाद और पुरोला की घटनाओं पर कांग्रेस का नजरिया दुर्भाग्यपूर्णः भट्ट

देहरादून। भाजपा ने राज्य मे डेमोग्राफी चेंज और पुरोला की घटनाओं को लेकर कांग्रेस की नजर और नजरिये को दुर्भाग्यपूर्ण तथा राज्य वासियों की भावना को आहत करने वाला करार दिया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रेस को जारी एक बयान में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत के बयान पर कहा कि वह मामले की असलियत को जान बूझकर दरकिनार करते हुए इसे राजनैतिक चश्मे से देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की नीति के चलते वह किसी न किसी तरह ओवेसी का समर्थन कर रहे है जो कि मामले का समाधान नही और यह पर्वतीय क्षेत्र मे सालों से बसे लोगों की भावनाओं को आहत करने वाला भी है। लव जिहाद या लैंड जिहाद पर आपत्ति जताने वालों को राजनैतिक स्थिति को अलग रखकर इस पर सोच स्पष्ट करने की जरूरत है। इसे अन्य घटनाओं से न जोड़कर मुद्दे से ध्यान हटाना गलत है। अपरोक्ष रूप से अगर, वह इन घटनाओं को अंजाम देने वाले लोगों के पैरोकारी बन रहे हैं तो उन्हे इसकी वजह भी स्पष्ट करनी चाहिए। इन क्षेत्रों से क्या पलायन हुआ है और पलायन की असली वजह क्या है इसकी वजह भी साफ करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य मे लैंड जिहाद को रोकने के लिए सत्यापन अभियान चला रही है तो दूसरी और अवैध धर्मांतरण कानून लाई है। यह राज्य की संस्कृति और स्वरूप को बचाने के लिए है, लेकिन इनमे खामियों को लेकर चर्चा के बजाय इसे राजनैतिक तूल देना भी पूरी तरह से गलत है।

भट्ट ने विपक्ष को इन मुद्दों पर गहनता से चर्चा और माहौल को अशांत करने से बचने की सलाह देते हुए कहा कि यह मुद्दा राजनीति का नही, बल्कि देव भूमि की परंपरा और बदलते डेमोग्राफी को भी गंभीरता से लेने का है। स्थायी समाधान के लिए विपक्ष की सकारात्मक पहल की भी जरूरत है। क्षेत्र के लोग अपने अधिकार और स्वरूप को लेकर चिंतित है तो उनके पक्ष को भी सुनने की जरूरत है।

## अस्पताल परिसर में खोदे गड्ढे, मरीजों की डगर हुई कठिन

विकासनगर। उप जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए आने वाले मरीजों की डगर इन दिनों कठिन हो रखी है। वजह अस्पताल परिसर में खोदे गए दस बड़े–बड़े गड्ढे हैं। पैथोलॉजी लैब के निर्माण के नाम पर यहां अस्पताल परिसर को करीब पंद्रह दिन पहले गड्ढे खोद कर छोड़ देने के बाद से निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है।

गड्ढों के कारण पंजीकरण काउंटर पर मरीजों को खड़े होने की जगह नहीं बची है। उप जिला चिकित्सालय में मरीजों को धूप से बचाने के लिए टीन शेड बनाया गया था। कोविडकाल में इस टीन शेड का उपयोग कोविड जांच और वैक्सीनेशन के लिए किया गया।

# रैली निकाल किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

ऋषिकेश। स्वच्छता सप्ताह के तहत नगर पालिका मुनिकीरेती ने रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने की अपील की गई। साथ ही जागरूकता को पंपलेट भी वितरित किए। एनसीसी कैडेट्स को गीले और सूखे कूड़े को अलग–अलग करने के बारे में बताया। स्वच्छता सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष रोशन रतूड़ी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें स्वच्छता ब्रांड एंबेस्डर चंद्रवीर पोखरियाल, एनसीसी कैडेट्स, वेस्ट वारियर्स संस्था, कार्यदायी संस्था जेबीबी टेक्नोक्रेट एवं भारतीय ग्रामोत्थान संस्था ढालवाला के प्रतिनिधि मौजूद रहे। पालिकाध्यक्ष रोशन रतूड़ी ने कहा कि दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाली वस्तुओं को प्रायः प्रयोग के बाद जगह–जगह फेंक देते हैं, जिससे वर्तमान में कूड़े की बाढ़ सी आ गई है। यही स्थिति रही तो इसका अंजाम भयावह हो सकता है, जो कि चिंता का विषय है। कहा कि स्वच्छता सप्ताह एवं इस प्रकार के कार्यक्रमों से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सकता है। बैठक के बाद स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। वेस्ट वारियर्स के प्रोजेक्ट मैनेजर राहुल ने सभी से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने की अपील की। जानकी झूला तक निकली रैली में स्वच्छ–भारत सुन्दर भारत, मेरी गंगा–मेरी जिम्मेदारी और सिंगल यूज प्लास्टिक बंद करो के नारे लगाते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता पंपलेट बांटे। बस पार्किंग स्थित कूड़ा प्वाइंट में कैडेट्स को कूड़ा पृथक्कीकरण के बारे में बताया। मौके पर स्वास्थ्य एवं सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट, वरिष्ठ सहायक दिनेश कृषाली, कर एवं राजस्व निरीक्षक अनुराधा गोयल, सफाई निरीक्षक मृदुल कुमार, वर्क एजेंट जितेंद्र सिंह सजवाण, लिपिक विकास सेमवाल, कर संग्रहकर्ता केतन शर्मा, सुपरवाइजर रंजन कंडारी, एनपी कुकशाल, प्रोजक्ट इंजीनियर अभिषेक राज, दिनकर कोटियाल, एनसीसी कैडेट्स नेहा, रानी, खुशी, मुस्कान, मानसी, लवि, काजल, अभय, अनुज, करन, कृष्णा, सत्यम, शिवम, दीपक, रोहित, सत्यप्रकाश, रामानन्द, लक्ष्य, सूरज, दीपक आदि उपस्थित रहे।

# प्रशासन की टीम ने दून मार्ग से अतिक्रमण हटाया



ऋषिकेश। देहरादून मार्ग पर नटराज चौक से दून तिराहे तक सड़क घेरकर यातायात बाधित करने वालों पर प्रशासन ने कार्रवाई की। तहसील प्रशासन ने रेहड़ी, फड़ लगाने वालों को खदेड़ा। साथ ही दुकानों से बाहर सड़क पर सजे सामान को सख्ती से हटवाया। चेताया कि आगे सड़क पर अतिक्रमण किया तो चालान के साथ सामान जब्त कर लिया जाएगा। मंगलवार को तहसीलदार डॉ. अमृता शर्मा के नेतृत्व में होमगार्ड के जवानों ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। दून मार्ग पर नटराज चौक से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। यहां सड़क घेरकर सब्जी, फल और अन्य सामान की रेहड़ी और फड़ लगाने वालों को हटाया गया। औचक कार्रवाई से अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया। सामान जब्त होने की आशंका में कई रेहड़ी और फड़ वाले टीम के पहुंचने से पहले ही सामान समेटकर चलते बने। टीम ने आशुतोषनगर तिराहे पर वेंडिंग जोन में सड़क पर रखे सामान को हटवाया। टीम ने दून तिराहे तक अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। तहसीलदार डॉ. शर्मा ने बताया कि जी–20 के कार्यक्रम के मद्देनजर अतिक्रमण पर कार्रवाई की जा रही है। बताया कि अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया है। दोबारा सड़क घेरने पर चालान और सामान जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

## 17 पेटी शराब के साथ दो गिरफ्तार

ऋषिकेश। शहर में शराब की खेप सप्लाई करने पहुंचे कार सवार दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की कार से पुलिस ने अंग्रेजी शराब की 17 पेटी बरामद की है। तस्करी में प्रयुक्त कार को सीज कर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर पुलिस बस अड्डे के प्रवेश और निकासी मार्ग पर चेकिंग शुरू की।

इस बीच एक कार पर शक हुआ, तो पुलिसकर्मियों ने उसे रोक लिया। तलाशी लेने पर कार से शराब की 17 पेटी मिली। आरोपियों की पहचान अनुज पुत्र बेगराज निवासी नालापानी चौक, गली नंबर दो, डालनवाला और मणिराम पुत्र श्यामलाल निवासी मानवाला, मंडावर, बिजनौर के रूप में हुई है।

## कांग्रेस को दृष्टिदोष, कांग्रेस शासित प्रदेश मे रामराज्य और अन्य राज्यों में भ्रष्टाचारःचौहान

देहरादून। भाजपा ने एमपी के सतपुड़ा भवन में लगी आग पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के आरोप को हास्यास्पद करार देते हुए कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों के अलावा अब उसे देश मे भ्रष्टाचार नजर आ रहा है और कांग्रेस शासित राज्यों मे राम राज्य।पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने समाचार एजेंसी आरएनएस से बात करते हुए कहा कि जिनकी सरकारों से लेकर आलाकमान तक पार्टी फंड से यंग इंडिया घोटाले की आग में घिरे हों उन्हें हर जगह भ्रष्टाचार की बू महसूस होना स्वाभाविक है । चौहान ने कटाक्ष करते हुए कहा कि उत्तराखंड मे तो कांग्रेस सरकार काभ्रष्टाचार तो सरकारी फाइलों से बाहर निकलकर देश भर मे टीवी पर दिखा और अब तक भ्रष्टाचार मे बेसुध हुई कांग्रेस को एमपी की जली फाइलों में गड़बडी नजर आ रही है।उन्होंने कहा कि घटनाएं सामान्य या असामान्य होती है, लेकिन उनके किरदार पर सदैव लोगों की नजर होती है और जब बात कांग्रेस की हो तो अनुमान अधिक आसान हो जाता है। देश भर मे घपले घोटालों की जननी रही कांग्रेस को हर दुर्घटना घटना साजिश ही नजर आती है।

## पुण्य तिथि पर इंदिरा हृदयेश को किया याद



इंदिरा हृदयेश को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

**कोटद्वार :** महानगर कांग्रेस व कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की ओर से प्रदेश की पूर्व वित्त मंत्री स्व. इंदिरा हृदयेश की द्वितीय पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सदस्यों ने जन हित में इंदिरा हृदयेश के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

निंबूचौड़ स्थित कार्यालय में श्रंद्धाजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने प्रदेश के लिए दिए गए उनके योगदान को याद किया। महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री गीता नेगी ने कहा कि हमें स्व. इंदिरा हृदयेश की विकासोन्मुख सोच का परिपालन करना होगा, यही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश कोटला ने कहा कि प्रदेश की राजनीति में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। श्रद्धांजलि देने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनवर सिंह आर्य, पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह रावत, बाबूराम, प्रीति देवी, विनीता भारती, प्रेम कुमार, बलबीर सिंह, राजेंद्र सिंह, संदीप रावत, विजय नेगी और शूरवीर सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# भीषण गर्मी में रुला रहा जाम, सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल

## सड़कों पर फैली अव्यवस्थाओं के कारण घंटों बन रही जाम की स्थिति

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भले ही सरकारी सिस्टम शहर में बेहतर यातायात व्यवस्थाओं के दावें कर रहा हो। लेकिन, हकीकत यह है कि भीषण गर्मी में सड़कों पर लग रहा जाम आमजन को रूला रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ही अन्य मार्गों पर बेतरतीब खड़े वाहन जाम का मुख्य कारण बन रहे हैं।

मंगलवार को देवी रोड पर करीब एक घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। पूर्व में क्षेत्रवासी व्यवस्थाओं में सुधार की मांग भी उठा चुके हैं।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में यातायात व्यवस्था लगातार बेपटरी होती जा रही है। लाख प्रयासों के बाद भी जिम्मेदार सिस्टम यातायात व्यवस्था सुधारने में नाकाम साबित हो रहा है। शहरवासी घंटों जाम में फंसने को मजबूर हो गए हैं।

सबसे बुरी स्थित देवी रोड, नजीबाबाद रोड, बदरीनाथ मार्ग, स्टेशन रोड व मानपुर रोड में बनी हुई है। शहरवासी सत्यप्रकाश सिंह, राजीव कुमार ने बताया कि कई व्यक्ति अपने वाहनों को सड़क किनारे बेतरतीब खड़ा कर बाजार घूमने चले जाते हैं। जिसके कारण जाम की सबसे अधिक परेशानी हो रही है। सड़क पर घूम रहे रेहड़ी–ठेली भी जाम में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। अतिक्रमण हटाने के नाम पर नगर निगम व पुलिस केवल खानापूर्ति ही करती है।



कैप्शनः कोटद्वार के देवी रोड में लगा वाहनों का लंबा जाम

### पैदल चलना भी हुआ मुश्किल

शहर में अधिकांश व्यापारियों ने सड़क किनारे नाली के बाहर तक दुकानें सजाई हुई हैं। ऐसे में राहगीरों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बिगड़ रही स्थिति के कारण हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। पुलिस व निगम भी इन व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की सुध नहीं ले रहा। स्टेशन रोड, गोखले मार्ग, देवी रोड, पटेल मार्ग, बदरीनाथ मार्ग में स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। जबकि, लोगों की सबसे अधिक भीड़ इन्हीं मार्गों पर होती है।

## चिकित्सा जांच परामर्श एवं दवा वितरण शिविर 17 को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोटद्वार में प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खुडूड़ी भूषण की ओर से व यथार्थ हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा व जुनून चैरिटेबल सोसाइटी के सहयोग से क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ पहुंचाने के लिए निःशुल्क चिकित्सा जांच, परामर्श एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन आगामी 17 जून को श्री गुरु रामराय पब्लिक स्कूल परिसर में किया जायेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि शिविर में यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा से 30 से अधिक डॉक्टरों की टीम बुलाई गई है, जिसमें नेत्र, जनरल मेडिसिन, स्त्री रोग, शिशु रोग, नाक-कान-गला, दंत रोग, हड्डी रोग, मानसिक रोग, गला रोग, हृदय रोग, सामान्य रोग आदि के विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल हैं। साथ ही होम्योपैथी एवं आयुर्वेदिक डॉक्टर भी मौजूद रहेंगे। बताते चलें कि पिछले साल जून माह में भी कोटद्वार में विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था।

## पुण्यतिथि पर इंदिरा को दी श्रद्धाजंलि

**पौड़ी** : जिला कांग्रेस कार्यालय पौड़ी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री डा. इंदिरा हृदयेश की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि हमारे दिलों पर सदा अमर रहोगी। इस मौके पर उपेंद्र रावत, नगरध्यक्ष भरत रावत, मनमोहन सिंह, दीपक असवाल, पूर्व छात्र संघ सचिव गोपाल नेगी आदि शामिल रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया जीनोम सिक्वेंन्स लैब का उदघाटन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने श्रीनगर स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीकोट में जीनोम सिक्वेन्स लैब का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि शोध संस्थान को अपने कार्यों की गुणवत्ता को और बेहतर कर देश के लिए बेहतर चिकित्सक निर्माण में अपना प्रभावी योगदान देना होगा।

काबीना मंत्री के साथ निदेश-ाक मेडिकल शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना, प्राचार्य वीरचन्द्र सिंह मेडिकल कॉलेज डॉ. सीएमएस रावत ने द्वीप प्रज्वलित कर जीनोम सिक्वेन्स लैब का उदघाटन किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जीनोम सिक्वेन्स लैब स्थापित होने से श्रीनगर, आसपास तथा पहाड़ के दूर-दराज से चिकित्सा लाभ लेने वाले लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहले जिस टैस्टिंग के सैंम्पल पुणे व दिल्ली जाते थे तथा रिपोर्ट आने में एक से डेढ़ माह का समय लग जाता था वहीं अब मात्र सप्ताह भर के अन्दर सैम्पल रिपोर्ट आने से बहुत से गंभीर बिमारियों से पीड़ित रोगियों को त्वरित चिकित्सा लाभ मिलने से उनकी जान बचाई जा सकेगी, अब गोल्डन ऑवर में भी अधिक से अधिक रोगियों की जान बच पायेगी। माइक्रो बायोलॉजी विभाग से डॉ. पूजा शर्मा ने कहा कि जीनोम सिक्वेन्स लैबोरेटरी में कैंसर रोग, आनुवाशिंक रोग तथा अन्य रोगों की सैम्पलिंग संभव हो जायेगी। उन्होंने बताया कि जीनोम सिक्वेंसिंग लैबोरेटरी में दो प्रकार की जांचें संपूर्ण जिनोम सिक्वेंसिंग तथा सेंगर जिनोम सिक्वेंसिंग होती है। कहा कि लैबोरेटरी मशीन की लागत लगभग तीन करोड़ रूपये है तथा शोध संस्थान की यह लैब देशभर की नेटवर्क की 69 लैबोरेटरी में शामिल हो गयी है। इस दौरान माइक्रो बायोलौजी प्रमुख विनिता रावत, डॉ. निधि नेगी सहित संबन्धित अन्य चिकित्सक व स्टा-ॅफ उपस्थित थे।



स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत मेडिकल कॉलेज श्रीकोट में जीनोम सिक्वेन्स लैब का उदघाटन करते हुए।

## साइबर ठगों से वापस दिलवाई उपभोक्ताओं की रकम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : साइबर पुलिस ने बैंक उपभोक्ताओं से ठगी गई रकम को वापस दिलवाया है। इस दौरान पुलिस ने उपभोक्ताओं से किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने बैंक से संबंधित सूचना नहीं देने की भी अपील की।

साइबर पुलिस ने बताया कि 12 मई को गाड़ीघाट निवासी अनिल सिंह की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि किसी अनजान व्यक्ति ने उनके मोबाइल में ओटीपी भेज दस हजार रुपये उड़ा दिए हैं। ऐसी ही घटना तीन मई को ग्राम नंदपुर निवासी शोभा देवी के साथ भी हुई। साइबर ठगों ने लाटरी के नाम पर मैसेज भेज शोभा देवी से 23169 रुपये ठग लिए थे। 6 मई को शिवालिक नगर निवासी भरत कुमार के साथ भी साइबर ठगी हुई थी। साइबर ठगों ने ऑनलाइन हर्बल लाईफ प्रोडेक्ट खरीदने के नाम पर 11200 रूपये ठगे थे। बताया कि उपभोक्ताओं के खाते में ठगी गई रकम को वापस दिलवाया गया है। इस दौरान आमजन से साइबर ठगी को लेकर जागरूक रहने की भी अपील की गई।

## खतरा बने विद्युत पोलों और तारों को शिफ्ट किया जाए

**पौड़ी** : इंटर कालेज जखेटी, धारकोट व सीकू में विद्युत पोलों व झूलती तारों से जान माल का खतरा बना हुआ है। वहीं विद्युत विभाग लापरवाह बना हुआ है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव दीपक असवाल ने उपखंड अधिकारी पौड़ी को ज्ञापन देकर जल्द ही समस्या का निस्तारण करने की मांग की है। मंगलवार को कांग्रेस के प्रदेश सचिव दीपक असवाल ने विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इंका जखेटी, धारकोट व सीकू गांव में कई स्थानों पर विद्युत पोल व झूलते तारों से ग्रामीण व स्कूली छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि विद्युत विभाग की इस लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। विद्युत पोल आवासीय भवनों के लिए खतरा बने हुए है। उन्होंने इन स्थानों पर खतरा बने विद्युत पोलों के साथ ही तारों को जल्द ही शिफ्ट करने की मांग उठाई है। इस मौके पर भरत सिंह रावत, मनमोहन सिंह, उपेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद थे।

# भाजपा कर रही विकास, जन–जन तक पहुंचाएं योजनाएं : भट्ट

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने किया यमकेश्वर विधानसभा का भ्रमण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश का बेहतर विकास कर रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार जनता के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जन-जन तक यह योजनाएं पहुंचे इसके लिए कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को अभियान चलाना होगा।

प्रदेश स्तर पर भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट मंगलवार को यमकेश्वर विधानसभा के अंतर्गत द्वारीखाल पहुंचे। उनके वहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर ब्लाक सभागार में आयोजित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र सरकार की ओर से अमृत महोत्सव के अंतर्गत वीर बलिदानियों व स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के संघर्ष को याद करते हुए उनके सपनों को याद करने का संकल्प लिया गया है। कहा प्रदेश सरकार बिना किसी तुष्टिकरण के सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को साकार करने के लिए धर्म, संस्कृति व शौर्य की देवभूमि के सभी वर्गों के हित में काम कर रही है। धर्मान्तरण की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सख्त धर्मान्तरण कानून बनाकर ऐसी घटनाओं को रोकने का काम किया है। मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से महाजनसंपर्क अभियान के तहत घर-घर जाकर आम जन को केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों की जानकारी देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ता रविन्द्र सिंह रावत, रतन मोहन डोबरियाल, वीर सिंह रावत, विजय लखेड़ा, महिमानंद भटकोटी आदि ने अपने अनुभव नए कार्यकर्ताओं के साथ साझा किए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, जिला प्रभारी राकेश नैनवाल, जिलामंत्री मीरा रतूड़ी, चंडी प्रसाद कुकरेती, विजय लखेड़ा, हेमंत बहुखण्डी, मनोज रावत, नीलम नैथानी, दिनेश भट्ट, शान्तनु रावत, विजय रावत, नीरज कंडवाल, सुखपाल नेगी, सुनील रावत, राजाराम डोबरियाल, सौरभ गुप्ता आदि मौजूद थे।



यमकेश्वर विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण करते प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट

## मेद्यावी छात्रा माधवी और परिजनों का किया सम्मान

पौड़ी : विकासखंड नैनीडांडा के जमणधार निवासी माधवी नेगी द्वारा उत्तराखंड बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में छठा रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने पर ग्राम सभा द्वारा माधवी नेगी के साथ उसकी माता दर्शनी नेगी व पिता रघुबीर सिंह नेगी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला मंगल दल ने मांगल गीत व थड़िया गीत गाकर गांव की बेटी को शुभकामना दी।

ग्राम प्रधान दीपा पर्णवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत सदस्य गीता नेगी, ग्राम पंचायत अधिकारी राकेश चौधरी, उप प्रधान जयपाल सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता पृथ्वीपाल पर्णवाल, कुलदीप रावत, नरेंद्र सिंह, महेश्वरी देवी, लक्ष्मी देवी, रेखा देवी, मनसा देवी, विमला सकलानी आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद रहे। ग्राम प्रधान दीपा पर्णवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य गीता नेगी व ग्राम पंचायत अधिकारी चौधरी ने चेक व सम्मान पत्र भेंट कर माधवी नेगी व परिजनों को बधाई दी।

# विद्यार्थी स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार की ओर से महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों से स्वच्छ भारत निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की गई।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य डा. जानकी पंवार ने एनसीसी कैडेट्स को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। कहा कि स्वस्थ समाज व देश निर्माण के लिए हमें साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा।

अपने आसपास किसी भी तरह की गंदगी एकत्रित न होने दें।

एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान, प्रो. सीमा चौधरी, प्रो. अभिषेक गोयल, डा. प्रवीण जोशी, डा. संजीव शाह आदि सभी ने स्वच्छता अभियान में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया एवं एनसीसी कैडेट्स और महाविद्यालय के विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया।



महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाते एनसीसी कैडेट्स

# रेलवे विभिन्न कार्यों के दौरान लोगों के हुए नुकसान का तत्काल मुआवजा दें

## कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने वीरचन्द्र सिंह मेडिकल कॉलेज सभागार में आयुक्त गढ़वाल सुशील कुमार, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान काबीना मंत्री ने रेलवे के अधिकारियों को निर्देशित किया कि रेलवे के विभिन्न कार्यों के दौरान लोगों के आवास और अहाता को जो नुकसान हुआ है उसका तत्काल मुआवजा देना सुनिश्चित करें। कहा कि जिन-जिन स्थानों पर लोगों के आवागमन के रास्ते, संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हुए है उनको सुधार कर लोगों की आवाजाही के लिए सुगम बनाएं।

मंगलवार को आयोजित बैठक में काबीना मंत्री डॉ. रावत ने नगर निगम को निर्देश दिये कि उसकी भूमि पर जितना भी अतिक्रमण है उसको तत्काल हटाए तथा अतिक्रमण करने वालों पर सख्ती बरतें। कहा कि नगर निगम के अधीन शहर में जितनी भी भूमि है उसका बेहतर उपयोग करने तथा सार्वजनिक सुविधाओं के विकास जैसे पार्किंग, बस अड्डा, सार्वजनिक शौचालय, म्यूजियम, ऑडिटोरियम इत्यादि के लिए कार्य योजना बनाएं। उन्होंने नगर निगम श्रीनगर को निर्देश दिए कि एचएनबी विश्वविद्यालय तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों के आसपास युवाओं की सुविधा के लिए सार्वजनिक जिम लगाने के लिए वर्क प्लान बनाएं। काबीना मंत्री ने लोक निर्माण विभाग को श्रीनगर विधानसभा के अंतर्गत सड़क निर्माण तथा सड़क सुधारीकरण के कार्यों को बेहतर गुणवत्ता और तीव्र गति से पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि बरसात सीजन को देखते हुए संवेदनशील स्थानों का चयन कर जेसीबी तैनात करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि बाढ़ सुरक्षा से संबंधित सुरक्षात्मक कार्यों को बेहतर गुणवत्ता से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर आयुक्त गढ़वाल मंडल सुशील कुमार, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि काबीना मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरश पालन करें तथा कार्यों को तेजी से करते हुए गुणवत्ता को भी बेहतर बनाए रखें। उन्होंने नगर निगम और राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि श्रीनगर में विभिन्न कार्यों के निर्माण के लिए जहां भी भूमि की जितनी मात्रा में आवश्यकता हो उसके लिए पहले से ही लैंडबैंक बनवाएं। सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का यदि अवैध कब्जा हो तो उसे तत्काल कब्जा मुक्त करवाकर अपने नियंत्रण में ले। बैठक में निदेशक स्वास्थ्य शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. सी.एम.एस. रावत, अधिशासी अभियंता सिंचाई संजय शर्मा, उपजिलाधिकारी संदीप सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



# विभागों की कार्य शैली से जनता को नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ

**श्रीनगर गढ़वाल** : विकासखंड मुख्यालय कीर्तिनगर के सभागार में प्रमुख सोबन सिंह पंवार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहुत की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों के साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने सरकार की योजनाओं की जानकारी विभागों द्वारा समय पर प्रदान न किए जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि विभागों की कार्य शैली सरकार की योजनाओं के लाभ से लोगों को वंचित कर रही है।

प्रधान संगठन के अध्यक्ष सुनय कुकशाल ने कहा कि कृषि एवं भूमि संरक्षण विभाग से सबंधित सरकार की लाभकारी योजनाओं की सूचना समय पर जनप्रतिनिधियों व काश्तकारों को नहीं मिल रही है। उन्होंने समय पर काश्तकारों को बीज, खाद व कीटनाशक दवा उपलब्ध करवाने, पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं में टैग लगाने का कार्य दुबार शुरू किए जाने की मांग की। बैठक में प्रधान निशा ने उद्यान विभाग की योजनाओं कार लाभ प्रत्येक ग्राम सभा में लोगों को दिलाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि उद्यान विभाग द्वारा योजनाओं का लाभ दिलाने में कंजूसी बरती जा रही है। इस मौके पर प्रमुख सोबन सिंह पंवार ने सहायक विकास अधिकारी सहकारिता को फील्ड में जाकर पात्र व्यक्तियों को ऋण योजनाओं व अन्य योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में खंड विकास अधिकारी सुमन लता, सहायक खंड विकास अधिकारी गंगा प्रसाद लखेड़ा, सहायक पंचायत अधिकारी गोपाल सिंह नेगी, प्रधान रश्मि देवी, राजीव जोशी, धन सिंह रावत, प्रीति गोदियाल, विजया देवी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

# जनता पानी, बिजली, शिक्षको और डॉक्टरों की कमी से परेशान : रावत



रुद्रपुर : पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि राज्यवासी पानी, बिजली, शिक्षकों और डॉक्टरों की कमी से परेशान हैं। केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई, भ्रष्टाचार चरम पर है। बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के पीएम कार्यकाल में 37 करोड़ आबादी गरीबी रेखा से बाहर हो गई थी। आज 27 करोड़ आबादी फिर गरीबी रेखा के नीचे चली गई है।

पूर्व सीएम रावत मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में अध्यापक नहीं हैं। अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं। नलों में पानी नहीं है और तार में बिजली नहीं है। बिजली कटौती आम बात हो गयी है। बिजली के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। बिजली उत्पादन गिर रहा है। सरकार के पास क्या है। कहा कि सरकारी जमीनों पर बसे लोगों को उजाड़ा जा रहा है। जबकि उनके सीएम कार्यकाल में मानक बना दिया था, जो जहां बैठा है वहां का स्वामित्व दिया जाए। वर्तमान सरकार गरीबों को उजाड़ रही है, जिसका वह विरोध करते हैं। इसके अलावा पूर्व सीएम ने सितारगंज में कांग्रेसजनों के साथ बैठक कर जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष का आह्वान किया। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखंड की सड़कें खस्ताहाल हैं। नौ जगह तो सड़कों में गड्ढे भरने के लिए उन्हें धरने पर बैठना पड़ा। अंत में सीएम ने स्वीकार कर एप जारी किया। पूर्व सीएम ने कहा कि 5000 वीडियो 15 दिन पहले तक अपलोड हो चुके थे। राज्य में सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढे में सड़क है, इसका अंदाजा लगाना कठिन हो गया है।

## 31 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

रुद्रपुर : ग्राम अजीतपुर और बनकुईया में पुलभट्टा पुलिस ने कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने भट्टी ध्वस्त कर 231 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। सोमवार को पुलभट्टा पुलिस ने सूचना मिलने पर ग्राम अजीतपुर के पास आरोपी पूरनलाल को 31 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। जबकि जमुना प्रसाद निवासी ग्राम बरा मौके से भाग गया। इसके बाद पुलिस ने बनकुईया जंगल चौकी के पास अवैध शराब की भट्ठी पर छापा मारा। मौके से 200 लीटर कच्ची शराब बरामद कर मंजीत सिंह पुत्र हरनाम सिंह और मुख्तयार सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी गुरुनानक नगरी गोठा को गिरफ्तार किया।

## पालिकाध्यक्ष के नेतृत्व में समर्थकों ने किया तहसीलदार का घेराव

रुद्रपुर : जाति प्रमाण पत्रों को बनाने में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिये पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने समर्थकों के साथ तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट का घेराव किया। उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र बनवाने वाले लोगों से सन 1985 का कोई प्रूफ मांगा जा रहा है जो न्यायोचित नहीं है। अगर व्यवस्था नहीं सुधरती तो फिर तहसील परिसर में आंदोलन होगा और कोर्ट जाना पड़ा तो कोर्ट भी जायेंगे। मंगलवार को पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते अपने समर्थकों के साथ तहसील भवन पहुंचे। यहां उन्होंने तहसीलदार का घेराव किया। उन्होंने तहसील के कर्मचारियों द्वारा लोगों को जाति प्रमाण पत्र बनाकर देने में बेवजह परेशान करने का आरोप लगाया और साथ समस्या का समाधान किए जाने की मांग की। इस दौरान पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए उत्तर प्रदेश के समय के दस्तावेज लोगो से मांगे जा रहे हैं। जबकि वर्ष 2000 में उत्तराखंड का निर्माण हो चुका है। उन्होंने कहा कि यदि गाइडलाइन को सही नहीं किया गया और लोगों के प्रमाण पत्र नहीं बनाए गए तो हाईकोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया जाएगा। साथ ही तहसील में आंदोलन भी किया जायेगा। वहीं तहसीलदार अक्षय भट्ट ने पालिकाध्यक्ष को आश्वस्त किया कि किसी को भी जाति प्रमाण पत्र में कोई शिकायत का सामना नहीं करना पड़ेगा। यहां रामअवतार यादव, जगतजीत सिंह, विजय गर्ग, संजय रूहेला, बंटी ठक्कर, नत्था सिंह धवन, दीपक, वाजिद अली, विवके पांडे आदि लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

# दिव्यांगों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन



रुद्रपुर : दिव्यांगों ने राशन कार्ड को गुलाबी करने की मांग को लेकर दिव्यांग सेवा संस्था की अगुवाई में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया।

साथ ही एसडीएम मनीष बिष्ट को ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में संस्था के जिलाध्यक्ष मो.जीशान ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि कई दिव्यांगों के परिवार में राशन कार्ड नहीं है। यदि दिव्यांगों का राशन कार्ड समय पर बन जाए तो उनको खाद्यान्न की समस्या से निजात मिल सकती है और उनको जीवन यापन करने में सुविधा होगी। एसडीएम ने दिव्यांगों को राशन कार्ड जल्द से जल्द बनवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान लक्ष्मी, रोशनी, अनीता, पुष्पा देवी, शान्ति देवी, मनीषा, प्रियंका सैनी, राजकुमार यादव, संजय, दिलीप, राकेश कुमार, बबलू सागर आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पेंशन में सुधार न होने पर पेंशनर नाराज

पिथौरागढ़ : नगर में गवर्मेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन की बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने पेंशन में सुधार न होने पर नाराजगी जताई। मंगलवार को हुक्म सिंह पांगती शहीद स्मारक स्थल में शाखा अध्यक्ष राजेंद्र सिंह दासपा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सदस्यों ने पेंशनरों को केंद्र की तर्ज पर 5 से 20 प्रतिशत पेंशन की बढ़ोतरी करने की मांग की है। अध्यक्ष दासपा के बेटे हीरा सिंह दासपा के आस्ट्रेलिया पर्थ में आयोजित विश्व ट्रांसप्लांट एथलेटिक्स भाला फेंक में भारत की ओर से हिस्सा लेते हुए स्वर्ण पदक जीतने पर खुशी जताई और मिठाई बांटी गई। बची सिंह रावत के प्रांतीय अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी है। अगली बैठक 12 जुलाई को तक की है।

# कांग्रेसियों ने इंदिरा हृदयेश को श्रद्धांजलि दी



रुद्रपुर : उत्तराखंड की पूर्व वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री डॉ. इंदिरा हृदयेश की द्वितीय पुण्यतिथि पर मंगलवार को कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि इंदिरा हृदयेश के प्रदेश के लिए दिए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों के साथ समझौता नहीं किया। वहीं महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि उन्होंने प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत करने में अपना बहुत बड़ा योगदान दिया। इस दौरान कांग्रेस नेता पुष्कर राज जैन, सुनील आर्य, सुशील बत्रा, राजेश प्रताप सिंह, ममता रानी, सौरभ चिलाना, भूपेश कुमार सोनी, कुंवर पाल कोली, मोहन खेड़ा, राजू भुसरी, निरोद अधिकारी, फुदेना सहनी, बिट्टू मिश्रा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# किरगांव में मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहे लोग



पिथौरागढ़ : किरगांव में लोग पानी और रास्ते की बदहाली से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से व्यवस्थाओं में सुधार लाने की मांग की है। मंगलवार को किरगांव के ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर एसडीएम अनुराग आर्या को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गांव में इन दिनों नियमित पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। तीन-तीन दिन में एक बार नलों में पानी आ रहा है। इससे लोग परेशान हैं। इसके अलावा एसएसबी गेट से मल्लिकार्जुन स्कूल तक आवाजाही के लिए पुराना मार्ग है, जो वर्तमान में क्षतिग्रस्त हो गया है। कई लोग चोटिल तक हो चुके हैं। इस मार्ग में एक खुला नाला भी है। बरसात के दौरान नाले का पानी घरों में घुस जाता है। कहा कि इन समस्याओं को लेकर वे लगातार आवाज उठा रहे हैं, लेकिन कोई उनकी सुध नहीं ले रहा है। उन्होंने एसडीएम से मामले में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। ज्ञापन देने वालो में आनंद मल्ल, लक्ष्मी सामंत, रूचि, तारा देवी, जसौदा, भावना मेहता, गीता, बसंती आद शामिल रहे। (एजेंसी)

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी की जमानत अर्जी ख़ारिज

अल्मोड़ा। लैंगिक अपराध के आरोपी की जमानत अर्जी न्यायालय द्वारा ख़ारिज की गई। लैंगिक अपराध के मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश कौशल किशोर शुक्ला की अदालत में अभियुक्त अजय रावत पुत्र स्व0 सोबन सिंह रावत निवासी ग्राम टटलगाँव चौखुटिया जिला अल्मोड़ा द्वारा पॉक्सो एक्ट व अन्य धाराओं के तहत अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत हेतु जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत की गयी। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पूरन सिंह कैड़ा ने न्यायालय को बताया कि वादी मुकदमा द्वारा थाना चौखुटिया जिला अल्मोड़ा में अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को अभियुक्त द्वारा बहला फुसलाकर अपने साथ दिल्ली ले जाने की तहरीर दी थी तथा पीड़िता को पुलिस टीम द्वारा 26 मई 2023 को नजफगढ़ दिल्ली से अभियुक्त अजय रावत के साथ बरामद किया गया। पीड़िता की बरामदगी के बाद पीड़िता के बयान के आधार पर पॉक्सो सहित विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत अभियुक्त के विरूद्ध थाना चौखुटिया जिला अल्मोड़ा में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# कनाडा में रहने वाले रिश्तेदार के नाम से लाखों की ठगी




रुद्रपुर : रुद्रपुर के गांव सुल्तानपुर निवासी एक व्यक्ति से कनाडा में रहने वाले रिश्तेदार के नाम से तीन लाख रुपये की ठगी कर ली गई। थाना साइबर पंतनगर ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दिया है। गांव सुल्तानपुर निवासी चेतन सिंह ने थाना साइबर पंतनगर में दी तहरीर में बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है। सात फरवरी को एक नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। कॉलर ने कहा कि वह उनका कनाडा का रिश्तेदार बोल रहा है। उसका दोस्त राजू कनाडा से भारत आया हुआ है और उसकी मां बीमार है। इलाज के लिए उन्हें दिल्ली लेकर जाना होगा। वह अपने कनाडा के खाते से उसके खाते में तीन लाख रुपये भेज रहा है। यह रुपये अपने खाते से निकालकर राजू को दे देना। अगले दिन उनके पास एक अन्य नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। उसने कहा कि वह राजू बोल रहा है। वह मां को इलाज के लिए लेकर जा रहा है। इसके लिए उसने डॉक्टर का खाता नंबर दिया और उसमें तीन लाख रुपये डालने के लिए कहा। उन्होंने तीन लाख रुपये भिजवा दिए। इसके बाद उसने पांच लाख रुपये और मांगे। शक होने पर उन्होंने बैंक खाते की जांच कराई। इसमें पता लगा कि यह पैसा बिहार निवासी बेतिया नाम के खाते में गया है। थाना साइबर पंतनगर ने शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। (एजेंसी)

# चरस तस्करी के दोषियों को 12 साल की सजा और एक लाख अर्थदंड

अल्मोड़ा। चरस तस्करी के एक मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश कौशल किशोर शुक्ला ने अभियुक्त पवनेश कुमार और अभियुक्त टीकम सिंह को धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत दोनों अभियुक्तगणों को 12-12 साल की सजा व एक-एक लाख रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पूरन सिंह कैड़ा से प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला 06 अक्टूबर 2020 का है जब थानाध्यक्ष लमगड़ा उपनिरीक्षक सुनील सिंह बिष्ट, उपनिरीक्षक गौरव जोशी व कांस्टेबल नीरज साही, एसओजी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। चैकिंग के दौरान एक स्कूटी में दो व्यक्तियों के कब्जे से प्लास्टिक की थैली में में 5 किलो 16 ग्राम चरस मिली। पूछताछ में अभियुक्तों ने गाँव से चरस खरीदकर हल्द्वानी में बेचने की बात बताई। बरामद चरस को मौके पर शील सर्व मोहर कर अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। विवेचनाधिकारी द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस मामले का विचारण विशेष सत्र न्यायाधीश, अल्मोड़ा के न्यायालय में चला। इस मामले में अभियोजन की ओर से पाँच गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया गया तथा अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पूरन सिंह कैड़ा एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी शेखर चन्द्र नैल्याल द्वारा न्यायालय को बताया कि अभियुक्तगणों से बरामद 5 किलो 16 ग्राम अवैध चरस वाहन संख्या यूके04वाई 7015 स्कूटी से संयुक्त रूप से बरामद हुआ है और अभियुक्तगणों द्वारा अवैध रूप से चरस का कारोबार किया जा रहा है तथा दस्तावेजी साक्ष्य भी न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। विशेष सत्र न्यायाधीश, अल्मोड़ा ने दस्तावेजी साक्ष्यों एवं पत्रावली का परिशीलन कर अभियुक्त पवनेश कुमार पुत्र शेरी राम निवासी गलनी तहसील धारी थाना मुक्तेश्वर जनपद नैनीताल तथा अभियुक्त टीकम सिंह पुत्र भूपाल सिंह निवासी ग्राम चमोली बड़ोन धारी जनपद नैनीताल को धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत दोनों अभियुक्तगणों को 12-12 साल की सजा व एक-एक लाख रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

## पालिका कर्मचारियों ने चलाया जागरुकता अभियान

अल्मोड़ा। शहरी विकास निदेशालय के निर्देशन में नगर क्षेत्र में स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को अभियान के तहत पालिका कर्मचारियों द्वारा प्रतिबन्धित सिंगल यूज प्लास्टिक के सम्बन्ध में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जागरूकता कार्यक्रम में बीरशीबा स्कूल एवं माल रोड में अभियान चलाया गया। साथ ही लिंक रोड के कूड़ेदान की सफाई, वार्ड राजपुरा में नियाजगंज रोड में नाली से मलवे की सफाई, वार्ड एनटीडी में बख्शीखोला नाले की सफाई, थपलिया में नाली में चूने का छिड़काव, गोविन्द बल्लभ पन्त पार्क में सफाई का कार्य, वार्ड रामशिला मोहल्ला नयालखोला में नाली की सफाई, वार्ड दुगालबोला में सफाई का कार्य वार्ड मुरलीमनोहर में शनि मंदिर के पास नाली की सफाई, वार्ड राजपुर में लगे कूड़ेदान के ढेर की सफाई, वार्ड लक्ष्मेश्वर में नाली की सफाई की गई।

# महिलाओं ने शराब के विरोध में जिला मुख्यालय में किया प्रदर्शन



पिथौरागढ़ : भटेडी की महिलाओं ने गांव में बिक रही अवैध शराब के खिलाफ जिला मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। महिलाओं का कहना है कि गांव में अवैध तरीके से शराब का कारोबार संचालित किया जा रहा है। इससे युवाओं से लेकर बुजुर्ग इसकी चपेट में आकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं।

मंगलवार को नगर के कलक्ट्रेट में ग्राम प्रधान मीनू देवी के नेतृत्व में देवकी देवी, बिशना देवी, कृष्णा गोबाड़ी, भुवनेश्वरी देवी, कमला देवी, उर्मिला देवी, हिमांशु गोबाड़ी, गोपाल सिंह बिष्ट, राजेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, राहुल कुमार, भगवान सिंह, माया देवी, भावना देवी, दीपा देवी, सरस्वती देवी, निर्मला देवी, पुष्पा देवी, अनिल गोबाड़ी, नरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह आदि ने प्रदर्शन किया। (एजेंसी)

# बागेश्वर में स्वच्छता के लिए निकाली जागरूकता रैली



बागेश्वर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मंगलवार को जागरूकता रैली निकाली गई। विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग तहसील परिसर में एकत्रित हुए। स्वच्छता महा आभियान के तहत एक रैली निकाली गई। रैली को प्राधिकरण के सचिव जयेंद्र सिंह और रेडक्रॉस के चेयरमैन संजय साह जगाती ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली नगर के विभन्न मार्गों से होते हुए दोबारा तहसील पहुंची। सीनियर सिविल जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयेंद्र सिंह ने बताया कि 18 जून को सभी लोग नुमाईशखेत मैदान में एकत्र होंगे, जहां पर जिला जज द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई जाएगी। बागेश्वर शहर को पांच जोन में बांटा गया है, जिसमें बागनाथ मंदिर क्षेत्र, नुमाईशखेत मैदान से विकास भवन तक पहला जोन बनाया गया है। इसी प्रकार पुराना आरटीओ कार्यालय-भागीरथी नाला से जिला चिकित्सालय तक दूसरा जोन, डिग्री कॉलेज से सूरजकुंड तक तीसरा जोन, कठायतबाड़ा क्षेत्र चौथा तो अग्निकुंड हनुमान मंदिर से बिलौना तक पांचवा जोन बनाया गया है।

## अल्मोड़ा में जिओ का टू 5जी नेटवर्क शुरू, ट्रायल में मिलेगा अनलिमिटेड 5जी डाटा

अल्मोड़ा। उत्तराखंड में तेजी से फैल रहे जिओ का टू 5जी नेटवर्क अब अल्मोड़ा भी पहुंच गया है। जिसे आज मंगलवार को जियो के कुमाऊँ हेड राहुल वक्शी ने लांच किया। इस मौके पर जियो के कुमाऊं हेड राहुल वक्शी ने यहां एक प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि उत्तराखंड में जियो 5जी नेटवर्क का तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस सेवा का अल्मोड़ा में आने से स्थानीय व्यापारियों को लाभ मिलेगा। जिओ वेलकम ऑफर के तहत यूजर्स को बिना किसी अतिरिक्त लागत से एक जीबीपीएस स्पीड के साथ अनलिमिटेड डाटा मिलेगा। उन्होंने बताया कि देश में जियो टू 5जी नेटवर्क की उपलब्धता वाले शहरों व कस्बों की संख्या बढ़कर अब 5432 हो गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 5जी हैंडसेट वाले जिओ उपभोक्ताओं को कमर्शियल लांच तक अनलिमिटेड 5जी डाटा मिलेगा।

# मोदी को पीएम बनाने में एससी वर्ग की भूमिका अहम होगी: गंगोला




बागेश्वर। भारतीय जनता पार्टी नेत्री और गंगोलीहाट की पूर्व विधायक मीना गंगोला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने में एससी वर्ग की भूमिका अहम होगी। उनके नौ साल के कार्यकाल की उपलब्धि को कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 30 मई से 30 जून तक महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। कहा कि नौ सालों में गरीबों, बेरोजगारों, अनुसूचित जाति के समाज हित में अनेक लाभकारी और हितकारी योजनाएं चलाई गईं। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए बहुत से कार्य किए गए हैं। इस बार अनुसूचित जाति वर्ग के लोग मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का काम करेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, दीपा आर्या, जगदीष आर्या, लछम राम, मदन आगरी आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस व स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर दिया नशे से दूर रहने का संदेश



स्कूली छात्राएं जन जागरूकता रैली निकालते हुए।




एसएसपी श्वेता चौबे जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स दिवस पर उत्तराखण्ड राज्य में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के रुप में एक बृहद जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस दौरान एसएसपी श्वेता चौबे ने पुलिस व स्कूली छात्र-छात्राओं की नशे के विरूद्ध जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली के दौरान महिला उपनिरीक्षक टीना रावत ने पी.ए. सिस्टम के माध्यम से एवं स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा नशे के विरूद्ध नारे लगाकर आम लोगों को जागरुक करने के साथ-साथ नशा मुक्त देश बनाना है, नशे को अब जड़ से मिटाना है, नशा करता है खराब मिलकर करो इसका बहिष्कार, नशे के जो आदी है जीवन भर उनकी बर्बादी है जैसे स्लोगनों से नशे से दूर रहने की अपील की गई। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने कहा कि नशे की खरीद बंद होने से सप्लाई बंद होगी, जिससे नशे पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लग जाएगा। जो व्यक्ति किसी बहकावे में आकर या किसी भी प्रकार से नशे का आदी हो जाते हैं, हमारा कर्तव्य है कि हम उनको इस बुराई से दूर करें। इस दौरान लोगों से अपील की गई कि उनके क्षेत्र में कहीं भी कोई व्यक्ति अवैध नशे के व्यापार या अवैध नशे का सेवन करता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक अनुराग कुमार, प्रभारी निरीक्षक पौड़ी गोविन्द सिंह, प्रभारी डीसीआरबी प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक पौड़ी महेश रावत, पीआरओ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुकेश गैरोला, उपनिरीक्षक टीना रावत सहित पौड़ी शहर के 08 स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकायें एवं 200 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नशें में लिप्त लोगों को चिन्हित करें : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : नार्को कोर्डिनेशन सेंटर के तहत जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ एनकोर्ड कमेटी की मासिक बैठक में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने नशे में लिप्त लोगों का चिन्हीकरण करने, नशे की सप्लाई पर प्रतिबंध लगाने व नशे के दुष्प्रभाव से लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम डा. आशीष चौहान ने अफसरो को नशे के खिलाफ व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने, जिले को नशा मुक्त बनाने एवं नशे से बचाव के लिए एंटी ड्रग मैराथन का आयोजन करने, सभी शिक्षण संस्थानों में एन्टी ड्रग क्लब बनाने के निर्देश दिए। कहा कि जिले में अवैध रूप से संचालित हो रहे मेडिकल स्टोरों, बिना चिकित्सक के परामर्श के दवा देने, प्रतिबंधित दवाईयों को बेचने में लिप्त वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम व पुलिस अफसरो को अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाली शराब की दुकानों का समय-समय पर औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में एसएसपी श्वेता चौबे आदि शामिल रहे।

# भाषण में सक्षम और चित्रकला में वर्षा ने मारी बाजी

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में साहित्यिक क्लब द्वारा चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भारत में महिलाओं की सुरक्षा विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में बीटेक प्रथम वर्ष के छात्र सक्षम सजवाण ने पहला, अदिति शर्मा ने दूसरा और हर्ष कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। महिला सशक्तिकरण विषय पर हुई चित्रकला प्रतियोगिता में बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा वर्षा शर्मा ने प्रथम, अस्मिता राज ने द्वितीय और अदिति जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर एनआईटी निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने सभी प्रतियोगी छात्रों को प्रतियोगिता में भागीदारी हेतु बधाई देते हुए कहा कि आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाने एवं जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वार घोषित जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत एनआईटी, उत्तराखंड द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों और गतिविधियों का ऑनलाइन व ऑफलाइन आयोजन किया जा रहा। संचालन आईसीसी अध्यक्ष डॉ. जागृति सहरिया, साहित्यिक क्लब समन्वयक डॉ. कुसुम शर्मा एवं साहित्यिक क्लब के छात्र सदस्य भूपेश बोरा और मो. मोआज ने किया। चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. एमएस खत्री एवं डॉ. पंकज कंडवाल तथा भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. डीबी सिंह और डॉ. राकेश मिश्रा रहे। (एजेंसी)

# ग्रीष्मोत्सव : पार्वती विवाह पर शास्त्रीय नृत्य रहा मुख्य आकर्षण का केंद्र

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : ग्रीष्मोत्सव की सातवीं सांस्कृतिक संध्या में नटराज डांस ग्रुप पौड़ी के कलाकारों ने अपने हिन्दी गढ़वाली गीत नृत्य संध्या से दर्शकों का मन मोहा।

साथ ही कलाकारों की लोक संस्कृति और सामाजिक लोक परंपरा पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शक दीर्घा में युवाओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गढ़वाल डा. आशीष चौहान ने कहा कि आयोजन से साहित्यिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिला है। साथ ही फुटबाल टूर्नामेंट के प्रति लोकप्रियता को देखते हुए यहां राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित करने के हरसंभव कोशिश की जाएगी।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश की स्तुति बिजी जावा बिजी हे की स्तुति से हुई। युवा गायिका अंजलि खरे ने लगजा गले फिर ये हंसी रात हो ना हो, पिंगा गपोरी और दिल है कि मानता नहीं की बेहतरीन प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया।

इसके बाद कलाकारों ने तारों को ना छेड़ूंगी अब से, छेड़ो ना नजर से नजरिया, वेस्टर्न डांस, बाली उमर तेरी, गला पैरैली मोती की माला, जुलम ह्वै जालु, जरा मठु मठ हीट, जै हो गढ़वाला, जै हो कुमाऊं प्रस्तुत कर युवाओं का भरपूर मनोरंजन किया। पार्वती विवाह पर शास्त्रीय नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। निहारिका ने रीमिक्स पर प्रेम का प्याला, अप्सराआली और नायशा घिल्डियाल ने ओरे पिया, तेरी निगाहें, पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अलावा लोक पर्व पर ऐगै फूल संगराद, नैनों में सपना, डफली वाले डफली बजा, परदेसिया ये सच है पिया आदि फिल्मी गीतों पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दर्शकों द्वारा खूब सराही गई। प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। नृत्य पक्ष में वर्षा रावत, पावनी बहुगुणा, मनसस्वानी, श्रीपर्णा, आरना, साक्षी, गर्विता, जीविका, निहारिका, दिव्यांका, पलक, सानिया, अनुष्का और बाल कलाकार रुद्र ने शानदार भूमिका अदा की। नटराज डांस ग्रुप का निर्देशन सुनील रावत और संचालन महक ने किया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम, प्रमेन्द्र नेगी, मनोज रावत अंजुल सतेन्द्र रावत, प्रवीण नेगी आदि मौजूद थे। संचालन वीरेंद्र खकरियाल ने किया।

## पुलिस ने शराब तस्करी कर रहे 3 युवक पकड़े

रुद्रप्रयाग : पुलिस अधीक्षक, रुद्रप्रयाग द्वारा अवैध शराब तस्करी की रोकथाम हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम में व पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग के प्रभावी पर्यवेक्षण में थाना अगस्त्यमुनि पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान अवैध शराब तस्करी कर रहे व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किये गये हैं।

मु0अ0सं0 18/2023 धारा 60 (1) आबकारी अधिनियम के तहत अभियुक्त हरीश कुमार पुत्र शेरी लाल निवासी ग्राम राऊलैंक, प0वृ0 कालीमठ, तहसील ऊखीमठ जिला रूद्रप्रयाग के कब्जे से 14 बोतल अवैध शराब व सचिन कुमार पुत्र रमेश लाल निवासी ग्राम राऊलैंक, प0वृ0 कालीमठ, तहसील ऊखीमठ जिला रुद्रप्रयाग के कब्जे से 14 बोतल अवैध शराब मु0अ0सं0 19/2023 धारा 60 (1) आबकारी अधिनियम के तहत अभियुक्त सूरज बुढ़ा पुत्र मान सिंह बुढ़ा ग्राम छायानाथ रारा वार्ड नम्बर 11 पोस्ट गमगढी थाना जीप्रका लि मुगु, नेपाल हाल मजदूर गौरीकुण्ड के कब्जे से 14 बोतल अवैध शराब। जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस के स्तर से अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध निरन्तर अभियान जारी है। (एजेंसी)

# कैच द रेन जल संरक्षण अभियान स्थानीय लोगों के सहयोग से होगा सफल

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : भारत सरकार द्वारा जल शक्ति अभियान हेतु नामित किये गये केन्द्रीय नोडल अधिकारी जल शक्ति कौशलेंद्र प्रताप सिंह और सीनियर वैज्ञानिक तकनीकि नोडल करम सिंह ने ल्वाली में झील निरीक्षण किया।

उन्होंने जल शक्ति अभियान, अमृत सरोवर योजना, जल स्त्रोत पुनर्जीवन, वर्षा जल संरक्षण, चाल-खाल आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए सम्बधित अधिकारियों को योजना का प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 'कैच द रेन' जल संरक्षण अभियान को स्थानीय लोगों के सहयोग से ही सफल बनाया जा सकता है।



ल्वाली में झील का निरीक्षण करते हुए केन्द्रीय टीम के अधिकारी।

केन्द्रीय नोडल अधिकारी जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार कौशलेंद्र प्रताप सिंह और सीनियर वैज्ञानिक तकनीकि नोडल करम सिंह जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन' कार्यों के निरीक्षण हेतु तीन दिवसीय जनपद भ्रमण पर है। भ्रमण के दूसरे दिन मंगलवार को केन्द्रीय टीम ने जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन' कार्यों के अन्तर्गत ल्वाली में सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित झील, अमृत सरोवर केवर्स, अमृत सरोवर देवार कोट, जल जीवन मिशन भेंटा, अमृत सरोवर भेंटा का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने जल संरक्षण के क्षेत्र में किये गये कार्यों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी पौड़ी दिनेश नेगी, खंड विकास अधिकारी कोट दिनेश प्रसाद बडोनी सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# एसएसपी ने किया पांच युवाओं को गुड सेमेरिटन पुरस्कार से सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने पांच युवाओं को गुड सेमेरिटन पुरस्कार से सम्मानित किया। एसएसपी ने कहा कि ऐसा व्यक्ति जो नेक नियत से, बिना किसी स्वार्थ के स्वेच्छा से किसी भी आपात कालीन स्थिति में सहायता प्रदान करने के लिए आगे आता है वह गुड सेमेरिटन कहलाता है। उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि अच्छे नागरिक होने का फर्ज निभाएं। जब भी कहीं कोई दुर्घटना घटित होती है तो घायल व्यक्ति को निकटवर्ती अस्पताल में पहुंचाकर मानवता का धर्म निभाएं।



एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि 20 मई 2023 को दुगड्डा चौकी क्षेत्रान्तर्गत प्रातः करीब साढ़े तीन बजे दुगड्डा से 2 किलोमीटर आगे पौड़ी रोड़ पर एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर गया था। जिसमें चालक कुलदीप गंभीर रुप से घायल हो गया था।

प्रातः 6 बजे के आस-पास कुछ स्थानीय व्यक्ति सड़क मार्ग पर जा रहे थे जिन्होंने खाई में गिरे ट्रक को देखा एवं पुलिस को सूचना देते हुये स्वयं दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के पास गये एवं घायल चालक को रेस्क्यू कर बाहर निकाला, जो गंभीर रुप से घायल एवं उसका जीवन खतरे में था। एसएसपी ने बताया कि संदीप रावत पुत्र राजेन्द्र सिंह रावत निवासी ग्राम सिम्बलचौड़ कोटद्वार, जय डबराल पुत्र स्व. भगवती प्रसाद निवासी दुगड्डा, अमित कुमार पुत्र बाबूराम निवासी मोती बाजार दुगड्डा, दिव्यांशु पुत्र राजीव अग्रवाल निवासी कमला नेहरू मार्ग दुगड्डा, आशीष शर्मा पुत्र उमेश शर्मा निवासी धनीराम बाजार दुगड्डा ने रेस्क्यू आपरेशन में पुलिस का सहयोग कर गुड सेमेरिटन की भूमिका निभाई थी। मंगलवार को एसएसपी ने संदीप रावत, जय डबराल, अमित कुमार, दिव्यांशु, आशीष को गुड सेमेरिटन पुरस्कार से सम्मानित किया।

## छात्रों को एकाग्रता, जिज्ञासु हेतु प्रेरित किया

चमोली : केंद्रीय विद्यालय सशस्त्र सीमा बल ग्वालदम में जी-20 जनभागीदारी क्रियाकलापों के अंतर्गत अभिभावकों हेतु सशस्त्र सीमा बल ग्वालदम सभागार में जी-20, राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं बुनियादी साक्षरता ज्ञान एवं संख्याज्ञान से सम्बंधित जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।

इसके अंतर्गत राकेश चन्द्र बबाड़ी, विक्रम सिंह वर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, डॉ. वेदप्रकाश गर्ग ने जी-20 तथा रूपेश ने बुनियादी साक्षरता ज्ञान एवं संख्याज्ञान संबंधित प्रस्तुति तकनीकी पूर्वक प्रदान की। सभी अभिभावक तीनों प्रस्तुतियों से आनंदित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुमित सहायक सेनानायक सशस्त्र सीमा बल ग्वालदम तथा अभिभावक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह रावत के स्वागत द्वारा हुआ।

विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या अनीता बिष्ट ने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मध्य प्रवीन ने गीतगायन द्वारा शानदार प्रस्तुति दी।

# श्रीनगर पुलिस ने 10 लाख की ज्वैलरी व नगदी से भरे बैग को लौटाया

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर पुलिस ने एक महिला का करीब 10 लाख की ज्वैलरी व नगदी से भरे बैग को ढूंढकर व बैग को सुरक्षित महिला को लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की। पुलिस द्वारा इस तत्परता से कार्यवाही करने से ज्वेलरी से भरा बैग और नगदी बरामद होने पर महिला व उनके परिनजों ने पुलिस की सराहना की कोतवाली निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि 12 जून को अपराह्न तीन बजे के करीब रजनी पत्नी शैलेंद्र निवासी प्रेमनगर देहरादून हाल निवासी ग्राम पितरौड़ा पो. पोखडा पौड़ी गढ़वाल द्वारा बताया गया कि वह पोखड़ा से धारी देवी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। धारी देवी में दर्शन के दौरान ही मंदिर पर बैग की तलाश की तो नहीं मिला। जिस पर उनके द्वारा मंदिर ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड को इस विषय में सूचना दी व बताया कि वह कुछ समय पहले जब पोखड़ा से आ रहे थे तो गंगा दर्शन पर रुके थे। जहां पर चालक को थकान होने के कारण गाड़ी रोक दी गई थी। शायद गंगा दर्शन मोड़ पर ही ज्वेलरी से भरा बैग छूट गया। जिसमें लगभग 9 से 10 लाख की कीमती ज्वैलरी व नगद धनराशि थी। उक्त सूचना पर चीता पुलिस में नियुक्त हे.कां. जितेन्द्र रावत व चमन सिंह को तत्काल ही गंगा दर्शन मोड़ के पास बैग तलाश हेतु भेजा गया। जहां पर बैग लावारिस दशा में मिला। जिसमें लगभग 9 से 10 लाख की ज्वैलरी, नकद 3500 रुपये व एक मोबाईल फोन था।

बैग को कोतवाली में लाकर पूछताछ के बाद ज्वैलरी व नगद धनराशि रजनी देवी व उनके पति शैलेन्द्र के सुपुर्द कर दी गई। (एजेंसी)


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

**ई–निविदा सूचना**

नं. एम–1–ओटी–आरटी–आरआर–एनबीडी–23 दिनांक : 13.06.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ओ& एफ), मुरादाबाद के द्वारा ई–टेंडर संख्या एम–1–ओटी–आरटी–आरआर–एनबीडी–23 के अंतर्गत खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 28.06.2023 15:00 बजे है, जो उसी दिन 15:30 बजे वैबसाइट www.ireps.gov.in पर खोली जाएंगी। इस टेंडर के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नही होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | रनिंग रूम/नजीबाबाद की राउन्ड द क्लाक, समस्त रनिंग रूम परिसर, लान एवं गारडन सहित अनुरक्षण, अपकीप, कुकिंग एन्ड सर्विंग फूड, इनकिलुडिंग सबसिडाइज्ड मील टू ऑक्यूपैन्ट आफ रनिंग रूम, राउन्ड द क्लाक सर्विंग आफ ट्रेन आर्डरिंग काल्स टू आक्यूपैन्टस आफ रनिंग रूम, रनिंग रूम के गन्दे लिनेन की वाशिंग, क्लीनिंग एवं प्रेसिंग के बाद वापस करना एवं बाशड लिनेन को आक्यूपैन्टस आफ रनिंग रूम को इशु करना एवं वापस लेने का कार्य एक वर्ष के लिए। | | |
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | दो पैकेट सिस्टम |
| बन्द होने की दिनाँक एवं समय | 28.06.2023 15.00 बजे | टेण्डरिंग सेक्शन | यांत्रिक (ओ&एफ) |
| एडवेरटाइज्ड वेल्यू | रु. 61,68,574.87 (इंक्लूसिव ऑफ़ आल टैक्सेज एंड चार्जेज इनक्लुडिंग जीएसटी @ 18%) | | |
| धरोहर राशि (रु.) | 1,23,400.00 | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु) | 5,000.00 | कार्य की अवधि | 01 वर्ष |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 14.06.2023 | निविदा टाइप | सर्विस |

1811/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पॉलीटेक्निक हिंडोलाखाल में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ट्रेड को मिली स्वीकृति

श्रीनगर गढ़वाल : देवप्रयाग विधानसभा के हिंडोलाखाल में संचालित हो रहे पॉलीटेक्निक में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग का नया ट्रेड स्वीकृत हो गया है। इसी सत्र 2023-24 से यहां पर इस ट्रेड को संचालित करने की तैयारी की जा रही है। अभी तक यहां मैकेनिकल इंजीनियरिंग ट्रेड संचालित हो रहा है। जल्द ही अन्य ट्रेडों को खोलने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

राजकीय पॉलीटेक्निक हिंडोलाखाल के प्रधानाचार्य विकास गुप्ता ने बताया कि संस्थान में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम शुरू कराने के लिए एआईसीटीई की स्वीकृति मिल चुकी है। कहा फिलहाल इस ट्रेड में 30 सीटों पर प्रवेश की स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि नए ट्रेड खुलने से इंजीनियरिंग में भविष्य बनाने वाले क्षेत्र के छात्रों को भी इसका लाभ मिलेगा। यहां पर 2011 से पॉलीटेक्निक संचालित हो रहा है। देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र के लोग पॉलीटेक्निक में नए ट्रेड खुलवाने की मांग कर रहे थे। कहा 16 जून 2022 को इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग सहित अन्य ट्रेडों को खुलवाने के लिए उनकी ओर से तकनीकी शिक्षा मंत्री को पत्र दिया गया था। जिस पर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ट्रेड की स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अन्य ट्रेड भी यहां पर संचालित हों इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने इसके लिए कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल का आभार व्यक्त किया है। (एजेंसी)

# छात्रों को बैक पेपर का एक विशेष अवसर देने की मांग उठाई

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि में वर्ष 2015 से 2019 के छात्र जो किन्हीं कारणों से अपनी उपाधि पूर्ण नहीं कर पाए उनके लिए बैक पेपर का एक विशेष अवसर दिलाए जाने व अन्य मांगों को लेकर एनएसयूआई का एक प्रतिनिधिमंडल प्रति कुलपति प्रो. आरसी भट्ट से मिला। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा कि गढ़वाल विवि में सीयूईटी प्रवेश परीक्षा में उत्तराखंड के मूल निवासी छात्रों को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए एवं सीयूईटी प्रवेश परीक्षा के बाद भी रिक्त रह गई सीटों पर यहां के छात्रों को विशेष तौर पर प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाए।

प्रति कुलपति प्रो.भट्ट से वार्ता के दौरान एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी, सूरज नेगी, आकाश रतूड़ी, मोहित राणा, मयंक बहुगुणा, वीरेन नेगी, अमन बुटोला आदि ने कहा कि विवि से सबंद्ध विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित हो रहे पाठ्यक्रमों में छात्र–छात्राओं की एक या एक से अधिक प्रश्न–पत्रों में बैक आने पर नियमों की जानकारी के अभाव में कई छात्र–छात्राओं की उपाधि पूर्ण करने की समयावधि समाप्त हो चुकी है। पूर्व में ऐसे छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने प्रार्थना पत्र विशेष बैक का अवसर प्रदान किये जाने हेतु विवि के परीक्षा अनुभाग में जमा करवाये थे। कहा पूर्व में विवि के अधिकारियों ने इस मामले को एकेडमिक काउंसिल में रखे जाने का आश्वासन दिया था। लेकिन इस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। उन्होंने छात्र हित में तत्काल उक्त मामलों पर सकारात्मक कार्यवाही की मांग की। (एजेंसी)

## 10 पर्यावरण मित्रों को किया प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित

रुद्रप्रयाग : सचिव/सिविल जज (सीडि) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रवि रंजन ने बताया कि पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए उत्तराखंड उच्च न्यायालय नैनीताल तत्वाधान में 12 जून से 18 जून, तक स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला न्यायालय रुद्रप्रयाग परिसर में जिले के समस्त निकायों के स्वच्छता के तहत बेहतर कार्य कर रहे 10 पर्यावरण मित्रों को श्रीकांत पांडेय जिला न्यायाधीश रुद्रप्रयाग ने प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## व्यापार सभा सहित अन्य संगठनों ने जताया शोक

श्रीनगर गढ़वाल : खिर्सू–श्रीनगर मोटर मार्ग पर कार दुर्घटना में कौशल चमोली की मौत पर व्यापार सभा, रोटरी क्लब, लायंस क्लब की ओर से शोक संवेदना प्रकट की गई। इस दौरान उन्होंने इस घटना पर गहरा दुःख जताया। दुःख जताने वालों में व्यापार सभा श्रीनगर के जिला अध्यक्ष वासुदेव कंडारी, दिनेश पंवार, आंनद भंडारी, जगदीप रावत, नरेंद्र रावत, प्रवीण अग्रवाल, सुजीत अग्रवाल, असलम अहमद आदि शामिल रहे। (एजेंसी)


**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UP2001SG025867/2358

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**ई–निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमंत्रित ई–निविदा सं. 02/EDDK/23–24 के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 16.06.2023 को 16.00 बजे तक बढायी जाती है तथा ई–निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की तिथि 17.06.2023 को 11.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी एवं ई–निविदा प्रपत्र ऑनलाईन और ऑफलाईन निविदा भाग एक खुलने की तिथि 17.06.2023 एवं समय 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्तें पूर्ववत है।

पत्रांक: 1595/विविखको/टी–6 दिनांक: 13.06.2023 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या–0135–2760911 पर दें।)



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना सं. 27/2023 दिनांक : 12.06.2023

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है। | बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 19/वरिष्ठ मं. वि. अभि./सा./मुरा./2023 दूसरा कॉल :– ABSS के लिए विद्युत कार्यः अमृत भारत योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के रामपुर (RMU) स्टेशन का उन्नयन। | 10824609.01 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 204100.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक 03.07.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय /उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |
| 2 | 20/वरिष्ठ मं. वि. अभि./सा./मुरा./2023 दूसरा कॉल :– एबीएसएस के लिए विद्युत कार्यः अमृत भारत योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के चंदौसी (सीएच) स्टेशन का उन्नयन। | 13664598.80 (जीएसटी सहित) | | 218300.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक 03.07.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | |

1792/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# वन क्षेत्रों का ड्रोन सर्वे

उत्तराखंड के जंगलों को अवैध कब्जे से बचाने के लिए व्यापक कार्य नीति की जरूरत है। राज्य सरकार ने जंगलों में किए जाने वाले निर्माण को लेकर सर्वे करने का फैसला लिया है जो कि आने वाले दिनों में अच्छे परिणाम दे सकता है। खासतौर से वन विभाग की ऐसी जमीने जहां धार्मिक निर्माण के अलावा प्रभाव का प्रयोग कर बड़े–बड़े रिजॉर्ट्स वह फॉर्म हाउस बनाए गए हैं उन्हें ध्वस्त किया जा सकेगा। वन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए यह भी जरूरी है कि जंगलों में व्यापक तौर पर पौधारोपण का कार्य शुरू किया जाए ताकि जंगलों में होने वाले अवैध कब्जे को रोका जा सके। उत्तराखंड का वन क्षेत्र हमेशा से ही अवैध कब्जे को लेकर सुर्खियों में रहा है लेकिन कार्रवाई के नाम पर अक्सर राजनीतिक दबाव या फिर प्रभावशाली लोगों के आगे विभाग दोनों साबित हो जाता है। हैरानी की बात तो यह है कि संरक्षित रिजर्व पार्क तक में लोगों ने निर्माण कार्य कर लिए है जिन पर कार्रवाई करना मुश्किल हो रहा है। पिछले कुछ दिनों में उत्तराखंड में "लैंड जिहाद" के प्रकरण से भी जुड़ा हुआ आ रहा है जिसके बाद मुख्यमंत्री को अवैध निर्माण को लेकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। परिणाम स्वरूप अब जिला प्रशासन द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में किए गए अवैध धार्मिक निर्माणों को ध्वस्त किया जा रहा है या फिर निर्माण के संबंध में दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। यहां वन अधिकारियों की जिम्मेदारियां भी निश्चित तौर पर सुनिश्चित करनी होगी ताकि वे वनों को लेकर अपनी जिम्मेदारियां समझ सके। राज्य सरकार ने वन क्षेत्रों पर निगरानी रखने के लिए ड्रोन व्यवस्था का प्रयोग करने का मन बना लिया है जो कम समय में अधिक क्षेत्र का सर्वे करने में कारगर साबित होगा। जरूरी है कि सरकार क्षेत्रों में अवैध निर्माण की सर्वे की मुहिम पूर्ण ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ अमल में लाई जाए ताकि उत्तराखंड के जंगलों को अवैध कब्जों से बचाया जा सके। वन क्षेत्रों को लेकर सरकार की गंभीरता सराहना योग्य है और उम्मीद की जा सकती है यदि यह कार्य ईमानदारी के साथ आगे बढ़ाया गया तो भविष्य में उत्तराखंड के जंगलों की सूरत सुधर सकती है साथ ही अवैध कब्जा करने वाले लोगों के मंसूबों पर भी पानी फेरने में सरकार को सफलता प्राप्त होगी। फिलहाल तो सबसे महत्वपूर्ण कार्य वर्तमान में बने हुए अवैध कब्जे को मुक्त कराने की है।

# बिहार, झारखंड में क्या होगा ?

**इस बात को समझने के लिए इन दोनों राज्यों की सामाजिक–राजनीतिक बुनावट को समझनी होगा। ये दोनों राज्य ऐतिहासिक रूप से धार्मिक या सांप्रदायिक ध्रुवीकरण वाले राज्य नहीं रहे हैं। 2014 में भाजपा को इन दोनों राज्यों में छप्पर फाड़ जीती मिली थी और झारखंड में 2019 में भी मिली। लेकिन उसका कारण सिर्फ सांप्रदायिक ध्रुवीकरण नहीं था। उसमें नरेंद्र मोदी के करिश्मे और उनके गुजरात मॉडल का भी हाथ था। यही वजह है कि 2019 के चुनाव से पहले भाजपा को बिहार में नीतीश कुमार को साथ लेने की मजबूरी हुई थी। भाजपा ने अपनी जीती हुई सीटें छोड़ कर जदयू से तालमेल किया, जिससे उसका सामाजिक समीकरण बेहतर हुआ। अगर थोड़ा पीछे इतिहास में जाकर देखें तब भी लगेगा कि इन दोनों राज्यों में मंदिर आंदोलन के शुरुआती दिनों में भी भाजपा को ज्यादा फायदा नहीं हुआ था। 1989 के चुनाव में भी एकीकृत बिहार की 54 में सिर्फ आठ सीट जीत पाई थी, जबकि राजद, कांग्रेस, जेएमएम, लेफ्ट ने 43 सीटें जीती थीं।**

**हरिशंकर व्यास**

केंद्र में किसी सत्तारूढ़ दल के खिलाफ जब भी साझा राजनीति की बात होती है और बदलाव होजाता है तो सबसे अहम भूमिका बिहार की होती है। इसे 1977 और 1989 के चुनाव में सबने देखा। जानकार इसका जिक्र भी करते हैं। 2004 में भी जब अटल बिहारी वाजपेयी के छह साल के राज के खिलाफ तथा2014 में 10 साल के कांग्रेस राज के खिलाफ माहौल बना और बदलाव हुआ तो उसमें भी बिहार की भूमिका थी। ध्यान रहे 1999 के चुनाव में बिहार का विभाजन नहीं हुआ था तब 54 में से भाजपा ने 23 और जदयू ने 18 सीट जीती थी। यानी 41 सीटें दोनों के पास थी। लेकिन 2004 में जब केंद्र की वाजपेयी सरकार बहुत भरोसे में थी तो बिहार और झारखंड ने पासा पलट दिया। तब दोनों राज्यों की 54 सीटों में से भाजपा को बिहार में पांच और झारखंड में एक सीट मिली थी, जबकि जदयू को बिहार में छह सीट मिली थी। इन 54 में से राजद, कांग्रेस और लेफ्ट को 38 सीटें मिलीं। 2014 के चुनाव में जदयू से अलग होकर भाजपा ने अपने दूसरे सहयोगियों के साथ बिहार में 32 और झारखंड में 12 यानी कुल 44 सीटें जीती थीं। इस तरह 1977, 1989, 2004 और 2014 में केंद्र में हुए बदलाव में बिहार और झारखंड की अहम भूमिका रही।

तभी 2024 के चुनाव को लेकर भाजपा की चिंता वाले दो अहम प्रदेशों में बिहार और झारखंड शामिल हैं। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 10 साल हो गए हैं, जिससे निश्चित रूप से सत्ता विरोधी माहौल भी बना है। इस सत्ता विरोधी माहौल यानी एंटी इन्कम्बैंसी को कम करने के लिए भाजपा हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और नरेंद्र मोदी के मजबूत व निर्णायक नेतृत्व का कार्ड चलेगी। हिंदुत्व के तहत अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर का उद्घाटन और काशी व मथुरा का आंदोलन जैसे मुद्दे हो सकते हैं। राष्ट्रवाद का उभार सीमा पर किसी मामूली घटना से भी आ सकता है। तभी सवाल है कि क्या ये मुद्दे बिहार और झारखंड में भाजपा को वैसी जीत दिला देंगे, जैसी जीत 2014 और 2019 में मिली थी? या भाजपा के हिंदुत्व व राष्ट्रवाद के कार्ड के सामने जाति व सामाजिक न्याय का मुद्दा भारी पड़ेगा?

इस बात को समझने के लिए इन दोनों राज्यों की सामाजिक–राजनीतिक बुनावट को समझनी होगा। ये दोनों राज्य ऐतिहासिक रूप से धार्मिक या सांप्रदायिक ध्रुवीकरण वाले राज्य नहीं रहे हैं। 2014 में भाजपा को इन दोनों राज्यों में छप्पर फाड़ जीती मिली थी और झारखंड में 2019 में भी मिली। लेकिन उसका कारण सिर्फ सांप्रदायिक ध्रुवीकरण नहीं था। उसमें नरेंद्र मोदी के करिश्मे और उनके गुजरात मॉडल का भी हाथ था। यही वजह है कि 2019 के चुनाव से पहले भाजपा को बिहार में नीतीश कुमार को साथ लेने की मजबूरी हुई थी। भाजपा ने अपनी जीती हुई सीटें छोड़ कर जदयू से तालमेल किया, जिससे उसका सामाजिक समीकरण बेहतर हुआ। अगर थोड़ा पीछे इतिहास में जाकर देखें तब भी लगेगा कि इन दोनों राज्यों में मंदिर आंदोलन के शुरुआती दिनों में भी भाजपा को ज्यादा फायदा नहीं हुआ था। 1989 के चुनाव में भी एकीकृत बिहार की 54 में सिर्फ आठ सीट जीत पाई थी, जबकि राजद, कांग्रेस, जेएमएम, लेफ्ट ने 43 सीटें जीती थीं। इसी तरह 1991 में जब मंदिर आंदोलन चरम पर था तब भाजपा को सिर्फ पांच सीट मिली, जबकि राजद, कांग्रेस, जेएमएम और लेफ्ट ने 47 सीटें जीतीं। इसके बाद ही भाजपा ने नीतीश कुमार की तब की समता पार्टी से तालमेल किया था और सामाजिक समीकरण मजबूत किया।

अब नीतीश कुमार ने फिर से भाजपा का साथ छोड़ दिया है तो भाजपा को अपना सामाजिक समीकरण खुद ही ठीक करना है। हिंदुत्व के दांव के साथ साथ जातियों को साधने का काम भाजपा को अपने दम पर करना है। इसलिए उसने नीतीश के लव–कुश समीकरण की ताकतवर जाति कोईरी यानी कुशवाहा के नेता सम्राट चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। इसी समुदाय के उपेंद्र कुशवाहा के साथ भाजपा तालमेल करने जा रही है और पशुपति पारस व चिराग पासवान की पार्टियों से भी उसका तालमेल है। सो, कुशवाहा और पासवान के साथ भाजपा सवर्ण और वैश्य का वोट अपने साथ मान कर राजनीति कर रही है। दूसरी ओर राजद, जदयू, कांग्रेस और लेफ्ट के साथ दो और पार्टियां हैं। जीतन राम मांझी की हम और मुकेश सहनी की वीआईपी। इन सात पार्टियों के पास मोटे तौर पर यादव, कुर्मी, मल्लाह, मुसहर और मुसलमान का वोट है। इसमें जदयू, लेफ्ट और कांग्रेस की वजह से कुछ अन्य पिछड़ी व सवर्ण जातियां जुड़ सकती हैं। सो, पहली नजर में इस गठबंधन का सामाजिक समीकरण बड़ा और मजबूत दिख रहा है। इसी तरह झारखंड में एक तरफ भाजपा और आजसू का गठबंधन है तो दूसरी ओर जेएमएम, कांग्रेस और राजद का गठबंधन है, जिनका वोट आधार ज्यादा बड़ा है।

पिछले तीन दशक के चुनावों को देखें तो साफ दिखेगा कि इन दोनों राज्यों में मंदिर से ज्यादा मंडल की राजनीति चलती है। 2014 का चुनाव अपवाद है, जब भाजपा ने अपने दम पर मंडल की राजनीति करने वाली पार्टियों को हराया था। 10 साल के बाद अब वैसी स्थिति नहीं दिख रही है। कम से कम अभी ऐसा नहीं दिख रहा है कि भाजपा 2014 वाला करिश्मा दोहराने की स्थिति में है। इसकी बजाय दोनों राज्यों में सत्तारूढ़ गठबंधन ने जो राजनीति की है वह भाजपा के लिए मुश्किल पैदा करने वाला है। बिहार में राजद, जदयू की सरकार ने जातीय जनगणना शुरू कराई है, जिस पर अभी हाई कोर्ट ने रोक लगाई है। दूसरी ओर झारखंड में जेएमएम–कांग्रेस की सरकार ने आदिवासी और ओबीसी आरक्षण बढाया है। इसके अलावा भी सामाजिक समूहों को साधने के कई छोटे छोटे उपाय किए हैं। तभी अगले साल के चुनाव से पहले भाजपा कोई भी दांव चले उसे छोटे छोटे टुकड़ों में बंटे समूहों को हिंदुत्व के एक छाते के नीचे लाना आसान मुश्किल होगा। भाजपा को भी इसका अंदाजा है इसलिए वह सिर्फ बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के प्रवचन के भरोसे नहीं है, बल्कि अपना सामाजिक समीकरण बनाने में भी लगी है। पते की और आखिरी बात यह है कि झारखंड–बिहार की 54 सीटों में से नरेंद्र मोदी की सर्वाधिक विकट परीक्षा है।

हिंदी प्रदेशों की 227 सीटों में भाजपा के लिए इन 54 सीटों में विपक्ष को रोकना नंबर एक चुनौती है।

# ट्रंप की डींगें और 420 साल की सजा वाले आरोप !

**श्रुति व्यास**

डोनाल्ड ट्रंप अब अमेरिका के सभी पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों में सबसे अलग बन गए हैं। वे पहले ऐसे पूर्व राष्ट्रपति हो गए है जिन पर फ़ेडरल कानूनों को तोडऩे के आरोप लगे हैं। संघीय सरकार के वे कानून हैं जिनकी रक्षा करने की शपथ उन्होंने करीब छह साल पहले ली थी। अब वे खुद राष्ट्रीय सुरक्षा, गोपनीयता, जासूसी संबंधी कानूनों के उल्लंघनकर्ता के आरोपी बने है।

डोनाल्ड ट्रंप पर जो आरोप लगाए गए हैं वे काफी गंभीर हैं। शुक्रवार को सार्वजनिक हुए ये आरोप अजीबोगरीब और शर्मनाक हैं। उनके अनुसार गोपनीय सरकारी दस्तावेज ट्रंप के मकान के बाथरूम में पाए गए; एफबीआई की छापेमारी के वक्त उसे दस्तावेज हाथ नहीं लगने देने के लिए बक्सों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने की फूहड़ कोशिश हुई; एक टेप भी है जिसमें ट्रंप स्वयं अपने अपराधी होने की पुष्टि कर रहे हैं और उनके स्वयं के सार्वजनिक बयान हैं जिनका उपयोग उनके खिलाफ बने आरोप पत्र में है।

ये आरोप उन कुल 37 अपराधों के ब्यौरे का भाग है जिनके लिए ट्रंप को कटघरे में खड़ा किया जा रहा है। वे मंगलवार को कोर्ट के सामने पेश होंगे और फिर शुरू मुकद्मा। अधिकांश आरोप (31) का संबंध जानते–समझते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी जानकारियां अपने पास रखने से है। इनमें से प्रत्येक आरोप जासूसी संबंधी कानूनों का उल्लंघन है। एक आरोप न्यायिक प्रक्रिया में रोड़े अटकाने का भी है, जिसमें ट्रंप पर गोपनीय दस्तावेजों को एफबीआई और मामले की जांच कर रही जूरी की पहुंच से दूर रखने के लिए अपने व्यक्तिगत सहायक वॉल्ट नाउटा के साथ मिलकर साजिश रचने का दोषी बताया गया है।ट्रंप के वकीलों का कहना है कि गोपनीय दस्तावेज एक सुरक्षित स्टोरेज रूम में रखे गए थे। परन्तु सच यह कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गुप्त दस्तावेज ट्रंप के शानदार घर 'मारा लागोझ में जगह–जगह बिखरे पड़े थे झ कुछ शावर में, कुछ बाथरूम में, कुछ ऑफिस में, कुछ बेडरूम में और कुछ झ मानों दुनिया को अपना रुतबा दिखाने के लिए झ बॉलरूम की स्टेज पर! इसी बालरूम में कार्यक्रम हुआ करते थे जिनमें लोग इकठ्ठा होते थे। मतलब अमेरिका की सैनिक ताकत, एटमी हथियारों कीजानकारी, लड़ाई की सूरत में अमेरिका की जवाबी रणनीति जैसे तमाम गंभीर–गोपनीय दस्तावेजों को एफबीआई ने पिछले अगस्त में ज़ब्त किया था। एफबीआई ने ट्रंप के फ्लोरिड़ा घर 'मारा लागोझ की तलाशी लेने के लिए वारंट हासिल किया था क्योंकि कई बार अनुरोध करने के बाद भी ट्रंप अत्यंत गुप्त दस्तावेज लौटा नहीं रहे थे।



ऐसा लगता है कि डींगें हांकने की ट्रंप की आदत उनके इस नए सिरदर्द के लिए ज़िम्मेदार है। ज़ब्ती के समय ट्रंप ने शेखी बघारी थी कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है क्योंकि बतौर राष्ट्रपति उन्हें किसी भी दस्तावेज पर लगा 'गोपनीयझ का ठप्पा हटाने का आदेश जारी करने का अधिकार था। परन्तु उनका यह बयान, सन 2021 की उन्हीं की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग से मेल नहीं खाता। प्रॉसिक्यूशन के पास वह टेप है जिसमें वे यह मंजूर कर रहे हैं कि उनके पास जो फाइलें हैं उनमें से कुछ अत्यंत गुप्त हैं। उन्होंने दो लेखकों, जो उनके एक सहायक पर किताब लिख रहे थे, से कहा था, "इससे मेरी बात पूरी तरह साबित हो जाती हैज्बस सवाल यह है कि वह अत्यंत गोपनीय हैज्गुप्त है। यह गुप्त जानकारी है।"

इन आरोपों पर ट्रंप को 420 साल के कारावास की सज़ा ही सकती है। हाँ, उनके अपराध इतने गंभीर हैं। परन्तु यह भी कहा जा रहा है कि इतनी लम्बी सजा शायद ही कभी सुनाई जाती है। दिलचस्प बात है कि शायद ट्रंप पहले ऐसे पूर्व राष्ट्रपति होंगे जो फिर एक बार चुने जाने के लिए जेल से चुनाव लड़ेंगे। उन पर आरोप लगाये जाने पर भी राजनीति हो रही है। डोनाल्ड ट्रंप भी इसे मुद्दा बना रहे हैं।

फ़ेडरल कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगने के बाद अपने पहले सार्वजनिक भाषण में जॉर्जिया में रिपब्लिकन पार्टी के एक सम्मलेन में अपनी जानी–पहचानी स्टाइल में वे जस्टिस डिपार्टमेंट, एफबीआई और बाइडन प्रशासन पर जम कर बरसे। उन्होंने स्वयं पर आरोप लगाये जाने को न्याय का मखौल बताया। कहा कि एक षडय़ंत्र के तहत बाइडन ने गुप्त दस्तावेज वाशिंगटन डीसी के चाइनाटाउन में छुपा रखे हैं। इन आरोपों की अब तक पुष्टि नहीं हुई है। भाषण के बाद लौटते हुए उन्होंने 'पोलिटिकोझ से कहा कि अगर उन पर लगाये गए ताज़ा आरोप सिद्ध भी हो जाते हैं तब भी वे राष्ट्रपति बनने की दौड़ में शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा "मैं भागूंगा नहीं।"

जहाँ तक रिपब्लिकनों का सवाल है, उन्हें इस सबसे कोई समस्या नहीं है। एरीज़ोना से हाउस ऑफ़ रिप्रेजेन्टेटिव्स के सदस्य एंडी बिग्स ने ट्वीट किया, "अब हम युद्ध की स्टेज पर आ गए हैं। अब जान के बदले जान लेने का समय आ गया है।"

संदेह नहीं है कि रिपब्लिकन पार्टी का राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने की सबसे अधिक सम्भावना यदि किसी की है तो वे ट्रंप हैं। उन्हें अपनी पार्टी में समर्थन हासिल है। जाहिर है कि अगले 18 महीनों में ट्रंप अनेक रैलियों को संबोधित करेंगे और अपने भाषणों में वे उनके खिलाफ चल रहे मुकदमे और उनकी सुनवाईयों की बात ज़रूर करेंगे। क्या इन मुकदमों से व्हाइट हाउस का किरायेदार एक बार फिर बनने के ट्रंप के सपने को ग्रहण लग सकता है? ऐसा शायद ही हो।

**फ़ेडरल कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगने के बाद अपने पहले सार्वजनिक भाषण में जॉर्जिया में रिपब्लिकन पार्टी के एक सम्मलेन में अपनी जानी–पहचानी स्टाइल में वे जस्टिस डिपार्टमेंट, एफबीआई और बाइडन प्रशासन पर जम कर बरसे। उन्होंने स्वयं पर आरोप लगाये जाने को न्याय का मखौल बताया। कहा कि एक षडय़ंत्र के तहत बाइडन ने गुप्त दस्तावेज वाशिंगटन डीसी के चाइनाटाउन में छुपा रखे हैं। इन आरोपों की अब तक पुष्टि नहीं हुई है। भाषण के बाद लौटते हुए उन्होंने 'पोलिटिकोझ से कहा कि अगर उन पर लगाये गए ताज़ा आरोप सिद्ध भी हो जाते हैं तब भी वे राष्ट्रपति बनने की दौड़ में शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा "मैं भागूंगा नहीं।"**
**जहाँ तक रिपब्लिकनों का सवाल है, उन्हें इस सबसे कोई समस्या नहीं है।**

अमेरिका में भी अदालती कार्यवाहियां कछुआ चाल से चलतीं हैं और इसलिए इस बात की बहुत कम सम्भावना है कि नवम्बर 2024 के पहले वे जेल पहुँच जाएँ। परन्तु एक बात तो है। उन पर आपराधिक आरोप लगाए जाने से भले की प्राइमरीज में उन्हें फायदा मिले परन्तु राष्ट्रीय चुनाव में जब वे बाइडन के सामने होंगे, तब यह उनके लिए समस्या बन सकती है। जो वोटर अतिवादी नहीं हैं वे बतौर राष्ट्रपति ट्रंप के व्यवहार से पहले ही नाराज़ हैं और जब ट्रंप अपने को षडय़ंत्रपूर्वक प्रताड़ित करने वालों को नेस्तनाबूत करने की बातें करेंगे तब वे उन्हें सर्वोच्च पद के लायक मानेंगे इसकी सम्भावना कम ही है। हाँ अपने 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेनझ मतदाताओं के बीच वे खासे लोकप्रिय हैं। कुछ लोगों को यह आशंका भी है यह नारा एक नए विद्रोह का सबब बन सकता है। अमरीका की राजनैतिक और कानूनी संस्थाओं और उसके प्रजातंत्र को अगले कुछ महीनों में 'स्ट्रेस टेस्टझ का सामना करना पड़ेगा।

# एक्सरसाइज करने वाली महिलाओं में पार्किंसंस रोग का खतरा 25 फीसदी कम

नियमित व्यायाम करने वाली महिलाओं को पार्किंसंस रोग होने का खतरा लगभग 25 प्रतिशत तक कम हो सकता है। साइकिल चलाना, पैदल चलना, बागवानी, साफ–सफाई और खेलों में भाग लेने वाली या नियमित व्यायाम करने वाली महिलाओं को पार्किंसंस रोग होने का खतरा लगभग 25 प्रतिशत तक कम हो सकता है। ये बात एक अध्ययन से पता चली है।



अध्ययन हालांकि यह साबित नहीं करता है कि व्यायाम करने से पार्किं संस रोग का खतरा काफी कम हो जाता है, लेकिन इसका संबंध जरूर दिखाता है।

एक अध्ययन के मुताबिक व्यायाम स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए कम लागत वाला तरीका है, इसलिए हमारे अध्ययन ने यह निर्धारित करने की कोशिश की कि क्या यह पार्किं संस रोग के विकास के कम जोखिम से जुड़ा हो सकता है। यह एक ऐसी बीमारी है जिसका कोई इलाज नहीं है।

हमारे परिणाम पार्किंसंस रोग को रोकने के लिए हस्तक्षेप की योजना बनाने के सबूत प्रदान करते हैं।

अध्ययन में 95,354 महिला प्रतिभागियों को शामिल किया गया, जिनकी औसत आयु 49 वर्ष थी, जिन्हें अध्ययन की शुरूआत में पार्किंसंस नहीं था। शोधकर्ताओं ने तीन दशकों तक महिलाओं को फॉलो किया, जिसके दौरान 1,074 प्रतिभागियों ने पार्किं संस विकसित किया।

अध्ययन के दौरान, प्रतिभागियों ने शारीरिक गतिविधि के प्रकार और मात्रा के बारे में छह प्रश्नावली पूरी कीं।

उनसे पूछा गया कि वे कितनी दूर चली और प्रतिदिन कितनी सीढिय़ां चढ़ती हैं, कितने घंटे वे घरेलू गतिविधियों में लगाती हैं और साथ ही उन्होंने बागवानी जैसी गतिविधियां और खेल जैसी अधिक जोरदार गतिविधियां करने में कितना समय लगाया।

अधिक व्यायाम करने वालों में पार्किं संस रोग के 246 मामले या प्रति 1,000 व्यक्ति–वर्ष में 0.55 मामले थे, जबकि सबसे कम व्यायाम करने वालों के बीच 286 मामले या 0.73 प्रति 1,000 व्यक्ति–वर्ष थे। व्यक्ति–वर्ष अध्ययन में लोगों की संख्या और प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अध्ययन में खर्च किए जाने वाले समय दोनों का प्रतिनिधित्व करता है।

निवास स्थान, पहली बार पीरियड और मेंस्ट्रूएशन और धूम्रपान जैसे कारकों को देखने के बाद, शोधकर्ताओं ने पाया कि ज्यादा व्यायाम करने वाले समूह में पार्किंसंस रोग के विकास की दर 25 प्रतिशत कम थी।आहार या चिकित्सा स्थितियों जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोग के समायोजन के बाद परिणाम समान थे।

शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि डायगोनेसिस से 10 साल पहले, पार्किंसंस रोग के शुरूआती लक्षणों के कारण इस रोग वाले लोगों की तुलना में शारीरिक गतिविधि में तेजी से गिरावट आई।

अध्ययन की एक सीमा यह थी कि प्रतिभागी ज्यादातर स्वास्थ्य–जागरूक शिक्षक थी जिन्होंने लंबी अवधि के अध्ययन में भाग लेने की इच्छा जताई थी, इसलिए सामान्य जनसंख्या के लिए परिणाम भिन्न हो सकते हैं।

# मणिपुर को बचाने की जरूरत

**अजय दीक्षित**

दुर्भाग्यपूर्ण है कि मणिपुर देश के स्पंदित लोकतंत्र में जातीय हिंसा से लहूलुहान विद्रूप चेहरा बना हुआ है । यह विवाद ऊपरी तौर पर प्रदेश के शीर्ष न्यायालय की एक टिप्पणी पर एक पक्ष के विरोध के लोकतांत्रिक अधिकारों को सहन न करने और दूसरे पक्ष के उसी लोकतांत्रिक तरीके से प्रतिक्रिया देने की बजाय मुठभेड़ करने के तरीके से उत्पन्न हुआ है। प्रदेश की 53 फीसदी मेइति आबादी, जो हिन्दू है, को हाई कोर्ट ने चार हफ्ते के भीतर अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने का निर्देश सरकार को दिया था । इसको वहां की 40 फीसदी कुकी आवादी ने भू–वन संपदा पर अपने नैसर्गिक अधिकार में छीना–झपटी माना । और मणिपुर जल उठा। हजारों लोग विस्थापित होकर अपने ही घर में शरणार्थी हो गये । यहां एक सवाल है कि इस मसले को शांतिपूर्ण रास्ते से हल नहीं किया जा सकता था क्या, जबकि प्रदेश को लोकतांत्रिक व्यवस्था में दशकों से रहने का तजुर्बा हासिल था? सवाल यह भी कि इससे आगे कैसे निकला जाये? केन्द्र सरकार ने अपनी तरफ से रिटायर्ड न्यायमूर्ति अजय लांबा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया है। इसे विवाद की वजहों और हिंसा के क्रमिक उफानों, इन्हें रोकने में कोताही के स्तर और जवाबदेही चिह्नित करते हुए सरकार के जवाब भी लेने हैं । इसकी रिपोर्ट छह महीने में देनी है । आयोग में जिस तरह से पूर्व नौकरशाह एवं पूर्व खुफिया अधिकारी को जगह दी गई है, उससे यही ध्वनित होता है कि सरकार उचित निदान के पक्ष में है । हालांकि विवाद के व्यापक होते पाट को देखते हुए लगता है कि मणिपुर में केवल आरक्षण की वात नहीं है । बहुसंख्यक धार्मिक समुदाय बनाम आदिवासी किंतु अपेक्ष-ाकृत कम आबादी वाले कुकी समुदाय के जमीन – जंगल पर वर्चस्व के साथ सामाजिक–धार्मिक मतों की स्वतंत्रता का भी विवाद है । एक तीसरा कोण नागा है, जो बहुत सारे कुकी समुदाय को म्यांमार से आया बता कर उन्हें अपनी जमीन पर कब्जा किया हुआ मानते हैं । केन्द्र सरकार के पास स्वायत्त क्षेत्रीय परिषद का गठन का रास्ता है, जो इस सूरतेहाल में लाजिमी है । यह अन्यत्र जगह पर भी उपादेय साबित हुआ है । पर इसकी सहमति में कई पेच हैं । साथ ही, सरकार को अपनी का-र्रवाई से यह भरोसा भी दिलाना है कि वह मणिपुर को विशुद्ध हिन्दू प्रदेश बनाने की जगह प्रदेश की शांति–समृद्धि और प्रगति की हिमायती है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अपील पर दोनों समुदायों के भरोसे से यह ध्वनित भी होता है ।

**आयोग में जिस तरह से पूर्व नौकरशाह एवं पूर्व खुफिया अधिकारी को जगह दी गई है, उससे यही ध्वनित होता है कि सरकार उचित निदान के पक्ष में है । हालांकि विवाद के व्यापक होते पाट को देखते हुए लगता है कि मणिपुर में केवल आरक्षण की वात नहीं है । बहुसंख्यक धार्मिक समुदाय बनाम आदिवासी किंतु अपेक्षाकृत कम आबादी वाले कुकी समुदाय के जमीन – जंगल पर वर्चस्व के साथ सामाजिक–धार्मिक मतों की स्वतंत्रता का भी विवाद है । एक तीसरा कोण नागा है, जो बहुत सारे कुकी समुदाय को म्यांमार से आया बता कर उन्हें अपनी जमीन पर कब्जा किया हुआ मानते हैं ।**

# एक साथ सारी नियुक्ति नहीं करेंगे खडग़े!

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने अपना संगठन बनाना शुरू कर दिया है और शुरुआत गुजरात से की है। ऐसा लग रहा है कि वे बिग बैंग की तरह एक बार में सारी नियुक्तियां नहीं करेंगे, बल्कि राज्यवार एक एक करके पदाधिकारियों की नियुक्ति होगी। कांग्रेस के एक जानकार नेता का कहना है कि एक बार में सारी नियुक्ति करने पर विवाद की ज्यादा गुंजाइश रहती है। उस पर फोकस बनता है, मीडिया में खबरें बनती हैं और मामूली विरोध भी हो तो उसे बड़ा बना कर दिखाया जा सकता है, जबकि एक एक करके नियुक्ति करने में ऐसे विवाद नहीं होते हैं। यह रणनीति हो सकता है कि सही हो पर सवाल है कि गुजरात से शुरुआत क्यों? गुजरात में कांग्रेस का कुछ भी दांव पर नहीं है। वहां 2024 में भी कांग्रेस का खाता खुलने की संभावना नहीं है फिर भी वही पहले अध्यक्ष की नियुक्ति हुई है और वहां के ही एक नेता को प्रभारी भी बनाया गया है।

राज्यसभा सांसद शक्ति सिंह गोहिल को गुजरात कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया है। वे अच्छी पसंद हैं। वे पुराने नेता हैं और कांग्रेस के खाम समीकरण में फिट बैठते हैं। वे 1991 से 1995 तक की कांग्रेस की आखिरी राज्य सरकार में मंत्री रहे थे। उनको प्रदेश अध्यक्ष बनाने के साथ ही कांग्रेस ने उनकी जगह दीपक बाबरिया को दिल्ली और हरियाणा का प्रभारी नियुक्त कर दिया। आमतौर पर कांग्रेस में इतनी जल्दी फैसला नहीं होता है। पर सवाल है कि बाबरिया को दिल्ली और हरियाणा का क्या अनुभव है, जिसकी वजह से उनको प्रभारी बनाया गया है? वे गुजरात के हैं और इससे भी दिल्ली व हरियाणा में कांग्रेस को कोई फायदा नहीं होने वाला है।

## बेंगलुरु की आईटी कंपनी को बम से उड़ाने की धमकी

**बेंगलुरु , एजेंसी।** बेंगलुरु के इकोस्पेस बिजनेस पार्क में मंगलवार को एक आईटी कंपनी को बम की धमकी मिलने के बाद तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक सूत्र ने कहा कि दोपहर 2 बजे आईडीबीओ कंपनी को धमकी भरी कॉल प्राप्त हुई। फोन पर बात करने वाले बदमाश ने धमकी दी थी कि उसने परिसर में बम रखा दिया है और जल्दी ही फट जाएगे। बम धमकी की सूचना मिलने के बाद बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वायड और आंतरिक सुरक्षा प्रभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और तलाशी अभियान शुरू किया। वहीं कर्मचारियों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया। बेलंदूर पुलिस ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। पुलिस ने इस संबंध में आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

## बैरकपुर सैन्य छावनी में दो पाकिस्तानी नागरिकों की तैनाती!

**कोलकाता , एजेंसी,।** कलकत्ता उच्च न्यायालय में दायर एक मामले से महानगर कोलकाता, राज्य सहित देश की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गये है। हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर भारतीय सेना के बैरकपुर छावनी में दो पाकिस्तानी नागरिकों जयकांत कुमार और प्रद्युम्न कुमार के काम करने के आरोप लगाए गये हैं। ऐसे में हाईकोर्ट ने इस पर गंभीर चिंता जताते हुए मामले की जांच सीआईडी से कराने का आदेश दिया है। बता दे कि सेना भर्ती में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक मुकदमा दायर किया गया था। जस्टिस राजशेखर मंथा ने इस मामले में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के शामिल होने की आशंका जताया है। आरोप है कि जयकांत कुमार और प्रद्युम्न कुमार पाकिस्तान से आने के बाद भारतीय सेना में शामिल हुए। दोनों की नियुक्ति भी सरकारी परीक्षा के जरिए हुई है। उस परीक्षा में जरूरी दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा कर उन्हें नौकरी मिल गई थी। मामले को कोर्ट के सामने लाने वाले का मानना है कि अगर उक्त मामले की उच्च स्तरीय जांच हो तो इसके पीछे एक बड़े गिरोह का पता चल सकता है। मिली जानकारी के अनुसार राज्य के हुगली निवासी बिष्णु चौधरी ने छह जून को हाईकोर्ट में यह मामला दायर किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी जीडी) परीक्षा के जरिए ही कई पाकिस्तानी नागरिकों को भारतीय सेना के विभिन्न पदों पर नौकरी मिल रही है।

## पंचायत चुनावों में होगी बंगाल के 7 संवेदनशील जिलों में केंद्रीय बलों की तैनाती

**कोलकाता , एजेंसी।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पंचायत चुनाव में सुरक्षा के मामले के तहत निर्देश दिया है कि पंचायत चुनाव में केंद्रीय बलों की तैनाती बंगाल के 7 जिलों में किए जाए। हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग विशेष रूप से राज्य के 7 संवेदनशील जिलों में केंद्रीय बलों की तत्काल तैनाती के लिए करें ताकि भयमुक्त माहौल में केंद्रीय बलों की मदद से चुनाव हो। हालांकि, उच्च न्यायालय ने नामांकन की समय सीमा में हस्तक्षेप नहीं किया, भले ही उसने पंचायत चुनावों की सुरक्षा का निर्देश दिया हो। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने नामांकन की अवधि बढ़ाने या न बढ़ाने का निर्णय राज्य निर्वाचन आयोग के हाथ में छोड़ दिया। आज हाईकोर्ट में पंचायत चुनाव को लेकर जनहित याचिका पर फैसला सुनाया गया। इस मामले में कोर्ट ने आज शाम 5 बजे फैसला सुनाया।

# शाह ने की चक्रवात से निपटने की तैयारियों की समीक्षा,14 और 15 जून को भारी बारिश के आसार

**अहमदाबाद, एजेंसी।** चक्रवाती तूफान बिपरजॉय ने गुजरात के तट से टकराने से पहले ही खतरनाक रूप अख्तियार कर लिया है। इस चक्रवात की वजह से गुजरात के तटीय क्षेत्रों में अलर्ट जारी कर दिया गया है, जबकि लोगों को इन क्षेत्रों से निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम भी जारी है। आसपास के इलाकों में भी तेज हवाओं की वजह से पेड़ उखड़ कर गिर गए। दूसरी तरफ समुद्र में नावों को रोकने के लिए कोस्ट गार्ड ने भी गश्ती शुरू कर दी है। एनडीआरएफ की सात टीमों को गुजरात में तैनात किया गया है।

भुज पश्चिम के एसपी डॉ. करणराज वाघेला ने बताया कि स्थानीय प्रशासन का लक्ष्य निचले इलाकों, कच्चे मकानों में रह रहे लोगों को स्थानांतरित करना है। शरणस्थलों पर खाने–पीने की व्यवस्था की गई है। 2 हजार से ज्यादा पुलिस के जवान व 1400 से ज्यादा होमगार्ड तैनात किए गए हैं। हमने सभी बीच को बंद कर दिया है।

चक्रवात बिपरजॉय पर ठउ्क्र उ्क्र मोहसिन शाहिदी ने बताया कि जिन इलाकों में ज्यादा क्षति होने की आशंका है, वहां से लोगों को हटाया जा रहा है, अब तक 28 हजार लोगों को हटाया जा चुका है। हमने ठउ्क्र की 17 और रउ्क्र की 13 टीमें तैनात की है। इसके अलावा हमने और 15 टीमों को आरक्षित रखा है। कच्छ, पोरबंदर, द्वारका, राजकोट, जुनागढ़ व मोरबी में हमारी टीमें तैनात हैं। 69 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। 32 ट्रेनों को शॉर्ट–टर्मिनेट किया गया है, जबकि 26 ट्रेनों को यात्रियों की सुरक्षा और चक्रवात बिपरजोय की शुरुआत के संबंध में ट्रेन संचालन के मद्देनजर एहतियाती उपाय के रूप में शॉर्ट–ऑरजिनेट किया जाएगा। उढफ्ड पश्चिम रेलवे सुमित ठाकुर ने बताया कि चक्रवात बिपरजॉय के मद्देनजर हमने वॉर रूम बनाए हैं, हम इस पर निगरानी रख रहे हैं। हमारे लगभग 2500 कार्य बल, फ्द्धा के जवान मौके पर तैनात हैं। वीरमगाम, राजकोट, ओखा आदि जो सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले इलाके हैं, वहां हमने माल गाड़ी को भी रद्द किया है।



द्वारका के गोमती घाट पर चक्रवात 'बिपरजॉय' का प्रभाव देखने को मिल रहा है। ज्वार की लहरें समुद्र में ऊंची उठ रही हैं। कांडला पोर्ट पर चक्रवाती तूफान को लेकर तैयारियां की गई हैं।

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कच्छ में चक्रवाती तूफान बिपरजोय की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कांडला पोर्ट का दौरा किया। कांडला पोर्ट, कच्छ के अध्यक्ष एसके मेहता ने कहा कि यह कांडला पोर्ट का विस्तार है, हमने इसे पूरी तरह खाली करा दिया है। यहां 1500–2000 लोग रहते थे, हमने उन्हें गोपालपुर और गांधीधाम के शरण स्थल भेजा है। कुछ लोग अपने गांव जाना चाहते थे हमने उनके लिए बस की व्यवस्था की। कोई जनहानि नहीं हुई है। चक्रवात बिपरजॉय पर डॉ मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि 15 जून की शाम के आसपास यह चक्रवात सौराष्ट्र, कच्छ और पाकिस्तान के तटीय इलाके को पार करेगा। इस समय इसकी रफ्तार 125–135 किमी प्रति घंटा रहेगी, इसका प्रभाव पड़ सकता है। 14 और 15 जून को भारी बारिश होगी। चक्रवात बिपरजॉय के कराची के करीब पहुंचने पर पाकिस्तान के सिंध प्रांत के अधिकारियों ने सेना और नौसेना की मदद ली है। उन्होंने समुद्र तट के पास रहने वाले 80,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकालने का काम तेज कर दिया है। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग (पीएमडी) के अनुसार, पिछले 12 घंटों के दौरान अत्यधिक गंभीर चक्रवाती तूफान से बहुत गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया है। यह उत्तर–उत्तर–पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। राज्य राहत आयुक्त आलोक कुमार पांडे ने कहा कि अब तक जिला प्रशासन ने लगभग 21,000 लोगों को अस्थायी आश्रयों में स्थानांतरित कर दिया है। निकासी प्रक्रिया अभी भी जारी है और सभी प्रभावित आबादी को आज शाम तक सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। उन्होंने गांधीनगर में कहा कि 21,000 लोगों में से अकेले कच्छ जिले से करीब 6,500, देवभूमि द्वारका से 5,000, राजकोट से 4,000, मोरबी से 2,000, जामनगर से 1,500 से अधिक, पोरबंदर से 550 और जूनागढ़ जिले से 500 लोगों को निकाला गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चक्रवाती तूफान बिपरजोय की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और चक्रवात से प्रभावित होने वाले आठ जिलों के सांसद मौजूद थे। आईएमडी के महानिदेशक महापात्रा ने कहा, ''आमतौर पर गुजरात के इन इलाकों में इतनी अधिक बारिश नहीं होती। इसलिए इससे निचले इलाकों में बाढ़ आने की आशंका है।'' आईएमडी के अनुसार, पोरबंदर, राजकोट, मोरबी और जूनागढ़ में भारी से अधिक भारी बारिश होने के आसार हैं। इन जिलों में 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। महापात्र ने कहा, '' सौराष्ट्र, कच्छ के निचले तटवर्ती इलाकों में तीन से छह मीटर ऊंची ज्वारीय लहरें आ सकती हैं। ऐसे क्षेत्रों से लोगों को निकालने के लिए कदम उठाने और अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का सुझाव दिया गया है।'' आईएमडी के अनुसार, गुजरात में कच्छ, देवभूमि द्वारका, जामनगर जिलों में 15 जून को 20 सेंटीमीटर से अधिक बारिश हो सकती है। महापात्रा ने कहा, '' आमतौर पर इन इलाकों में इतनी अधिक बारिश नहीं होती। इसलिए इससे निचले इलाकों में बाढ़ आने की आशंका है।''मोहपात्रा ने बताया कि 15 जून को चक्रवात के टकराने के बाद द्वारका, जामनगर, कच्छ और मोरबी जिले में हवाओं की रफ्तार 125 से 135 किमी प्रतिघंटे तक पहुंच जाएंगी। हवाओं की अधिकतम स्पीड 150 किमी प्रतिघंटे तक जा सकती है। इन हवाओं में काफी नुकसान पहुंचाने की क्षमता है।मौसम विभाग के महानिदेशक डॉक्टर मृत्युंजय मोहपात्रा ने मंगलवार को कहा कि बिपरजॉय की वजह से पोरबंदर, देवभूमि द्वारका और कच्छ में हवाओं की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है। यहां कल तक हवाओं की रफ्तार 65 से 75 किमी तक पहुंच सकती है।

गुजरात के पास अरब महासागर में चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के कारण भारतीय तटरक्षक लोगों को पहले ही सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रहा है। सोमवार रात भी कोस्ट गार्ड ने द्वारका तटरेखा से 40 किलोमीटर दूर स्थित तेल खदान से 50 कर्मियों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया है।

## बिहार में नीतीश कुमार को झटका, जीतन राम मांझी के मंत्री बेटे ने दिया इस्तीफा

**पटना , एजेंसी।** एक तरफ केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्ष को एकजुट करने के लिए 23 जून को अहम बैठक होनी है वहीं बैठक से पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को तगड़ा झटका लग गया है। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के बेटे और हिन्दुस्तानी आवामी मोर्चा के इकलौते मंत्री संतोष मांझी ने इस्तीफा दे दिया है। संतोष सुमन ने कहा, कोई नाराजगी नहीं हुई है। जदयू चाहती थी कि हम अपनी पार्टी को उनके साथ मर्ज कर दें, लेकिन हमें वो मंजूर नहीं था, हम अकेले संघर्ष करेंगे, हमें जदयू में विलय नहीं करना है।

## यूक्रेन के शहर पर रूसी मिसाइल हमले में 3 की मौत, 25 घायल

**कीव , एजेंसी।** यूक्रेन के शहर क्रिवीवी रिह में मंगलवार को एक रूसी मिसाइल हमले में कम से कम तीन लोग मारे गए और 25 अन्य घायल हो गए। वहां के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है। डिनिप्रॉपेट्रोस क्षेत्र के सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेर्ही लिसाक ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि हवाई रक्षा ने शहर के ऊपर तीन क्रूज मिसाइलों को मार गिराया, लेकिन और भी मिसाइलें आ रही थीं।

उन्होंने कहा, नागरिक सुविधाओं को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि 19 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।लिसैक ने टेलीग्राम पर कहा, क्रिवीवी रिह पर एक बड़ा मिसाइल हमला हुआ। रूसियों ने आवासीय क्षेत्र पर एक और आतंकवादी हमला किया – रात भर। यह क्रूर था।

साथ ही हमले की पुष्टि करते हुए, शहर के मेयर ऑलेक्जेंडर विलकुल ने कहा कि एक पांच मंजिला अपार्टमेंट इमारत को निशाना बनाया गया और पीड़ितों के मलबे में दबे होने की संभावना है।

पहली से पांचवीं मंजिल तक के अपार्टमेंट में आग लगी है। आग 700 वर्ग मीटर में फैल गई है। बचावकर्मी इसे बुझा रहे हैं।

# यूपी की बिजली कंपनी उत्तराखंड के तीनों ऊर्जा निगमों में ब्लैकलिस्ट

**देहरादून, एजेंसी।** यूपी की बिजली कंपनी एमपीबीएल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को प्रदेश के तीनों ऊर्जा निगमों (यूपीसीएल, पिटकुल, यूजेवीएनएल) ने ब्लैकलिस्ट कर दिया है। यह कंपनी यूपी में दो बार काली सूची में डाली जा चुकी है जो उत्तराखंड में बिजली संबंधी टेंडरों में तथ्य छिपाकर हिस्सा ले रही थी। शासन ने इसकी जांच कराने के बाद कार्रवाई का पत्र निगमों को भेजा था।

यूपी की एसपीबीएल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के



निदेशकों पर यूपी में धोखाधड़ी का मामला चल रहा है। उन पर दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में 11 करोड़ 55 लाख की फर्जी बैंक गारंटी जमा कराने का आरोप था। मामले में दक्षिणांचल विद्युत निगम ने कंपनी को 18 नवंबर 2022 को तीन साल के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया था। इस कंपनी (पुराना नाम– एसपी ब्राइट लाइट प्राइवेट लिमिटेड) को यूपी जल निगम ने सात जनवरी 2017 को सात साल के लिए ब्लैक लिस्ट किया था। कंपनी ने यूपी सहित कई राज्यों में टेंडर डालने के प्रयास किए लेकिन असफल रही। अब कंपनी ने उत्तराखंड का रुख किया था। कानपुर निवासी राजीव तलरेजा की शिकायत पर शासन ने तीनों निगमों को कार्रवाई का पत्र भेजा था। शासन के संज्ञान में आया है कि उत्तराखंड में इस

### शासन ने जारी किए निर्देश

कंपनी ने कई टेंडरों में हिस्सा लिया है।लिहाजा, यूपीसीएल, पिटकुल व यूजेवीएनएल ने इस कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। यह भी देखा जा रहा है कि कंपनी ने तथ्य छिपाकर कोई टेंडर ले तो नहीं लिया। इस संबंध में निगमों ने अपने मुख्य अभियंताओं से लेकर अधिशासी अभियंताओं तक अलर्ट जारी कर दिया है।

## दरभंगा एम्स निर्माण पर फिर ग्रहण, केंद्र और राज्य सरकार भूमि को लेकर आमने–सामने

**पटना , एजेंसी।** बिहार के दरभंगा में प्रस्तावित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) निर्माण को फिर से एकबार ग्रहण लगता दिख रहा है। निर्माण होने वाली भूमि को लेकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार आमने –सामने दिख रही है। बताया जाता है कि बिहार सरकार ने दरभंगा के जिस शोभन क्षेत्र में एम्स निर्माण के लिए करीब 150 एकड़ भूमि दी है, उसे केंद्र सरकार ने खारिज कर दिया है। इसके बाद भले दोनों पक्षों के बीच बयानबाजी प्रारंभ हो गई है, लेकिन लोगों को दरभंगा में एम्स निर्माण के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दावा है कि शोभन के पास एम्स निर्माण के लिए जो भूमि आवंटित की गई है वह पूरी तरह उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि फिलहाल जो वहां दो लेन का रास्ता है उसे चार लेन का किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह जगह पढ़ाई के लिए अच्छी हो जाएगी और बाहर से यहां आनेवालों को भी काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि इससे शहर को भी फैलाव मिलेगा।

इधर, बिहार के उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का कहना है कि नीतीश कुमार के अहंकार और महागठबंधन सरकार में राजद–जदयू के बीच खींचतान के चलते उत्तर बिहार के लाखों लोग 2000 करोड़ रुपये से बनने वाले दरभंगा एम्स के रूप में केंद्र सरकार की बड़ी सौगात पाने से वंचित रह गए।

मोदी ने कहा कि दरभंगा में एम्स बनाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नहीं मिले, इसलिए पहले दो साल तक तो मुख्यमंत्री इस बात अड़े रहे कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) को ही अपग्रेड कर एम्स बना दिया जाए। बाद में बिहार सरकार दरभंगा एम्स के लिए डीएमसीएच परिसर में ही 150 एकड़ जमीन देने पर राजी हो गई।

82 एकड़ जमीन आवंटित भी कर दी गई थी।इस बीच, लालू प्रसाद के नजदीकी भोला यादव ने अशोक पेपर मिल (हायाघाट) की जमीन पर एम्स बनने की घोषणा कर दी, तब इसके जवाब में जदयू के लोग शोभन में एम्स बनवाने के लिए सक्रिय हुए।

### भाजपा के एजेंडे पर सपा ने भी ठोकी ताल

# अब अयोध्या, काशी और मथुरा का भी रुख करेगी समाजवादी पार्टी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी अगले कुछ दिनों में यूपी के धार्मिक और सियासी नजरिए से महत्वपूर्ण शहरों में अब अपने सियासी दांव लगाकर हिंदू वोटों में अपनी पकड़ बनाने की तैयारी कर रही है। लखीमपुर खीरी के बाद आज नैमिषारण्य से शुरू हुए समाजवादी पार्टी के जनसंपर्क अभियान की अगली कड़ी में अयोध्या, काशी और मथुरा भी जुड़ने वाले हैं। पार्टी के रणनीतिकारों के अनुसार जिस तरह से अखिलेश यादव ने नैमिषारण्य में हवन पूजन किया था, ठीक इसी तरह से अयोध्या में रामलला और काशी में विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के बाद भगवान कृष्ण की नगरी मथुरा में भी पूजन अर्चना के साथ ही सियासत की बात आगे बढ़ाएंगे।

समाजवादी पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है कि अगले कुछ दिनों में पार्टी की बैठकों और जनता से मिलने के कार्यक्रमों के तहत अखिलेश यादव अयोध्या, मथुरा और काशी भी पहुंचने वाले हैं।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी कहते हैं कि आने वाले दिनों में उनकी पार्टी के सभी प्रमुख नेता उत्तर प्रदेश के प्रत्येक शहर और जिलों कस्बों तक में पहुंचेंगे। उनका कहना है कि धार्मिक शहरों के नाम पर भाजपा राजनीति करती है, जबकि समाजवादी पार्टी इस तरीके की राजनीति से दूर रहती है। समाजवादी पार्टी के नेताओं का मानना है कि धार्मिक नजरिए से जुड़े इन शहरों में जाकर समाजवादी पार्टी अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं से न सिर्फ मुलाकात करेगी, बल्कि आगे की रणनीति की तैयारी भी करेगी। पार्टी से जुड़े एक वरिष्ठ नेता बताते हैं कि जिस तरह से उनकी पार्टी ने 90 दिनों के लिए एक बड़े जन अभियान की तैयारी की है, उसी के तहत इन सभी शहरों में जाकर पार्टी भारतीय जनता पार्टी के कामों की असलियत पब्लिक से भी बताएगी।


वहीं राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि समाजवादी पार्टी की ओर से लखीमपुर के बाद नैमिषारण्य में शुरू किए गए जन अभियान को सियासी नजरिए से तो खारिज किया ही नहीं जा सकता। राजनीतिक विश्लेषक ओम प्रकाश मिश्रा का मानना है कि समाजवादी पार्टी ने जिस तरीके से ऋषि–मुनियों की तपोस्थली नैमिषारण्य में पूजा अर्चना और हवन पूजन करके अपने आगे के सियासी रथ को आगे बढ़ाया है, उससे संकेत साफ है कि समाजवादी पार्टी, भाजपा के हिंदुत्ववादी एजेंडे को टेकओवर करने की तैयारी कर रही है। हालांकि मिश्रा का मानना है कि समाजवादी पार्टी इसमें कितनी सफल होती है, यह तो चुनावों के नतीजे बताएंगे। लेकिन पार्टी के रणनीतिकारों ने प्रयास कमोबेश उसी तरह किया है, जो भाजपा के एजेंडे का प्रमुख हिस्सा है। समाजवादी पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेता भी मानते हैं कि बीते कुछ महीनों में जिस तरीके से पार्टी के ही कुछ बड़े नेताओं ने रामचरितमानस पर विवादित टिप्पणियां कीं और पार्टी लाइन से हटकर सख्त एजेंडे को आगे बढ़ाना शुरू किया, उससे बहुत हद तक पार्टी के भीतर के ब्राह्मण नेताओं में नाराजगी रही।

सपा के रणनीतिकारों में शामिल एक वरिष्ठ नेता कहते हैं कि पार्टी के प्रमुख नेताओं के बीच हुए मंथन में इस बात पर सहमति बनी थी कि उन्हें आने वाले चुनावों में किसी जाति विशेष धर्म को लेकर सख्त टिप्पणी करने की आवश्यकता नहीं है। इसे लेकर पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं को ऐसी किसी भी टिप्पणी करने से बचने के लिए निर्देश भी जारी किए। पार्टी के एक नेता मानते हैं कि अगर कुछ महीनों के भीतर अखिलेश यादव सभी प्रमुख धार्मिक और सियासी शहरों में जाकर जनसभाएं और रैलियां करते हैं, तो निश्चित तौर पर उसका लाभ समाजवादी पार्टी को मिलेगा। राजनीतिक विश्लेषक जीडी शुक्ला मानते हैं कि समाजवादी पार्टी के भीतर ब्राह्मण नेता अभी भी स्वामी प्रसाद मौर्य की टिप्पणियों से नाराज हैं। इसका विरोध भी हुआ और उसके बाद पार्टी ने इस पर अपनी लाइन स्पष्ट कर दी कि किसी भी तरीके के धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली टिप्पणियों से बचा जाए।

शुक्ला भी मानते हैं कि चुनाव से कुछ महीने पहले समाजवादी पार्टी की ओर से इस तरह की टिप्पणियों को प्रतिबंधित करने का कितना असर होगा, यह कहना अभी बहुत जल्दी है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी समाजवादी पार्टी को उनके इसी विवादित बयानों पर घेरना शुरू किया था। वह कहते हैं कि ऐसे संवेदनशील मामलों को समाजवादी पार्टी ने समझा तो जरूर, लेकिन इसमें थोड़ा वक्त लगा।

# शिवराज का चुनावी दांव, राज्य सरकार भी देगी किसानों को 6,000 रुपये, सम्मान निधि में मिलेंगे अब 12 हजार

**राजगढ़ , एजेंसी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चुनावी साल में महिलाओं के बाद अब किसानों पर बड़ा दांव खेला है। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार की ओर से किसानों को छह हजार रुपये देने की घोषणआ की है। इससे मध्यप्रदेश के किसानों को हर साल 12 हजार रुपये मिलने लगेंगे। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार किसानों को छह हजार रुपये देती है। मध्य प्रदेश सरकार अपनी तरफ से सीएम किसान



सम्मान निधि के तौर पर चार हजार रुपये दे रही थी।

राजगढ़ में आयोजित किसान कल्याण महाकुम्भ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को कई सौगातें दी। कार्यक्रम के दौरान राजनाथ सिंह और शिवराज ने सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना–2023 के तहत 11 लाख किसानों के खाते में 2,123 हजार करोड़, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 44.49 लाख किसानों के खाते में 2,900 करोड़, मुख्यमंत्री किसान–कल्याण योजना में 70.61 लाख किसानों के खाते में 1,400 करोड़ रुपये, इस प्रकार 6,423 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की। इसके बाद 8,500 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मोहनपुरा–कुंडालिया सिंचाई परियोजना का लोकार्पण किया। इसके माध्यम से दो लाख 85 हजार हैक्टेयर की अतिरिक्त सिंचाई क्षमता विकसित होगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान–कल्याण योजना में राज्य सरकार चार हजार रुपये के स्थान पर अब छह हजार रुपये की राशि प्रतिवर्ष किसानों को प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये प्राप्त होते हैं। इस प्रकार अब किसानों को मिलने वाली राशि 12 हजार रुपये वार्षिक हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना में ऐसे परिवार भी लाभान्वित होंगे, जहां ट्रेक्टर हैं। ट्रेक्टर को चार पहिया वाहन की श्रेणी में नहीं माना जाएगा। इन परिवार की बहनों को भी 1000 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। उन्होंने कहा कि खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। राज्य सरकार खाद–बीज के अग्रिम उठाव का तीन माह का ब्याज भी भरेगी। समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी शीघ्र ही शुरू होगी।

मुख्यमंत्री चौहान ने महत्वपूर्ण घोषणा में कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में अब ऐसे परिवार भी लाभान्वित होंगे जहां ट्रैक्टर हैं। योजना के प्रावधानों में पूर्व में तय किया गया था कि चार पहिया वाहन जिस परिवार के पास है, उस परिवार की महिला सदस्य को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पात्र नहीं होगी।

## सीएम योगी की जनसभा में 25 हजार की भीड़ जुटाने का लक्ष्य

**अयोध्या , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की योगिराज भरत जी की तपस्थली नंदीग्राम में आयोजित होने वाली विशाल जनसभा की तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। 15 जून को प्रातः 9 बजे भरतकुंड में यह जनसभा आयोजित होगी। जनसभा में 25 हजार की संख्या लाने का लक्ष्य रखा गया है। इसको लेकर तैयारी बैठक सहादतगंज पार्टी कार्यालय में महानगर व जिले की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में लोकसभा क्षेत्र अयोध्या के सभी मंडलों व पार्टी के सभी मोची को जिम्मेदारियां सौपी गयी।

# भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेली जाएगी टेस्ट, वनडे और टी20 सीरीज, शेड्यूल हुआ जारी




नईदिल्ली, । टीम इंडिया 12 जुलाई से 13 अगस्त यानी पूरे एक महीने के लिए वेस्टइंडीज का दौरा करने जा रही है। यहां दोनों टीमों के बीच दो टेस्ट मैच, तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेल जाएंगे। इसको लेकर पूरा शेड्यूल जारी कर दिया गया है। मैच किस तारीख को होंगे, कब होंगे और कहा होंगे ये भी जानकारी सामने आ चुकी है।

हालांकि अभी तक टीम का ऐलान नहीं हुआ है जो जल्द हो सकता है। टीम इंडिया ने आखिरी बार 2019 में सभी फॉर्मेट के मैचों के लिए वेस्टइंडीज का दौरा किया था और हर फॉर्मेट में सीरीज जीती थी।

इसके बाद पिछले साल उन्होंने वहां वनडे और टी20 मैचों की सीरीज खेली थी और दोनों में जीत हासिल की थी।

वेस्टइंडीज दौरे का पूरा शेड्यूल–

12 से 16 जुलाई, पहला टेस्ट, डोमिनिका
20 से 24 जुलाई, दूसरा टेस्ट, त्रिनिदाद
27 जुलाई, पहला वनडे, बारबाडोस
29 जुलाई, दूसरा वनडे, बारबाडोस
1 अगस्त, तीसरा वनडे, त्रिनिदाद
3 अगस्त, पहला टी–20, त्रिनिदाद
6 अगस्त, दूसरा टी–20, गुयाना
8 अगस्त, तीसरा टी–20, गुयाना
12 अगस्त, चौथा टी–20, फ्लोरिडा
13 अगस्त, पांचवां टी–20, फ्लोरिडा

## अहमदाबाद में 15 अक्तूबर को भिड़ेंगे भारत–पाक

नईदिल्ली,अक्तूबर में होने वाले वनडे विश्व कप में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान की टीमों का मुकाबला 15 अक्तूबर को अहमदाबाद में होगा। हालांकि, भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज 8 अक्तूबर को आस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में करेगी। इसके एक सप्ताह बाद पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला होगा।

बीसीसीआई के कार्यक्रम के ड्राफ्ट में यह जानकारी दी गई। विश्व कप के अंतिम कार्यक्रम की घोषणा अगले सप्ताह की जायेगी। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने सोमवार को लिखा कि ड्राफ्ट के अनुसार, टूर्नामेंट 5 अक्तूबर को शुरू होगा, जिसमें मौजूदा चैंपियन इंगलैंड का सामना पिछले उपविजेता न्यूजीलैंड से अहमदाबाद में होगा। फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जायेगा। सेमीफाइनल 15 और 16 नवंबर को होंगे, जिनका वेन्यू अभी तय नहीं है। मेजबान भारत अपने लीग मैच 9 शहरों में खेलेगा, जिनमें कोलकाता, मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरू शामिल हैं।

# आईसीसी ने शुभमन गिल पर लगाया जुर्माना




नईदिल्ली, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज कर खिताब को अपने नाम कर लिया। लेकिन इस मैच में दोनों ही टीमों से एक बड़ी चूक हो गई, जिसके कारण उन पर आईसीसी ने कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी लगाया। इसके अलावा आईसीसी ने भारत के स्टार खिलाड़ी शुभमन गिल पर भी जुर्माना लगाया है।

दोनों टीमों पर आईसीसी ने स्लो ओवर रेट बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया है। भारतीय टीम पहले दिन 85 ओवर ही फेंक सकी।

वहीं, ऑस्ट्रेलिया की टीम ने भी एक दिन में 86 ओवर ही किए। इस तरह भारत को 5 ओवर तय समय से देरी से फेंकने के लिए 100 फीसदी मैच फीस का जुर्माना और ऑस्ट्रेलिया पर 4 ओवर देर से करने के लिए 80 फीसदी मैच फीस का जुर्माना भरना पड़ा।

वहीं भारतीय टीम के युवा खिलाड़ी शुभमन गिल पर आईसीसी ने मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। गिल ने अपने विकेट पर कैमरन ग्रीन द्वारा लिए गए कैच पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था। जिसके बाद आईसीसी ने उन्हें दोषी पाया। जिसके बाद उन पर भी जुर्माना लगाया गया हैं।

# विराट कोहली और पुजारा का आलस बना हार की वजह

नई दिल्ली, एक बार फिर आईसीसी ट्रॉफी को अपने नाम करने का टीम इंडिया का सपना चकनाचूर हो चुका है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने रोहित की पलटन को बुरी तरह से रौंदा। खिताबी मुकाबले में ना तो बल्लेबाज चले और ना ही गेंदबाज अपनी रफ्तार से कुछ खास कमाल दिखा सके। हालांकि, भारत के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ का मानना है कि भारतीय टीम की मैदान पर लचर फील्डिंग फाइनल में टीम की लुटिया ले डूबी। कैफ ने स्लीप में गंवाए कैच के आसान मौके के लिए विराट कोहली और पुजारा को जमकर लताड़ लगाई है।




**कोहली–पुजारा पर भड़के कैफ**

कैफ ने इंडियन एक्सप्रेस के साथ बातचीत करते हुए कहा, "इन चीजों के बारे में बात मैदान पर उतरने से पहले ही हो जानी चाहिए। आप ऐसे मौके नहीं गंवा सकते हैं। यह पूरी तरह से आलस है। ऐसे समय पर खिलाड़ी सोचते हैं कि स्लीप में कैच नहीं आएगा। हालांकि, वह मैच की अहम स्टेज थी, जब भारतीय टीम ऐसी गलतियां नहीं कर सकती थी।" बता दें कि दूसरी पारी में एक गेंद एलेक्स कैरी के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर विराट कोहली और पुजारा के बीच में से निकल गई थी। उस वक्त कैरी 41 रन बनाकर खेल रहे थे।कैफ ने आगे कहा, "हाफ चांस को कैच में तब्दील करके ही आप मैच जीत सकते हैं। आप देखिए पहली पारी में स्टीव स्मिथ ने हाफ चांस ऑफर किया था, जब गेंद स्लीप में कोहली के आगे गिरी थी। उस समय ऑस्ट्रेलिया 190 पर थी और अगर वहां पर स्मिथ आउट हो जाते, तो शायद कोई भी नहीं जानता है कि मैच में क्या होता।"

**कोहली को पता होनी चाहिए फील्डिंग पोजीशन**

मोहम्मद कैफ ने कहा कि विराट कोहली को पता होना चाहिए कि इंग्लैंड या ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में स्लीप में कहां खड़ा होना चाहिए।

## जल्द ही टी–20 में वापसी करने जा रहे है सुरेश रैना, विदेशी धरती पर दिखेगा उनके बल्ले का जलवा

नईदिल्ली, क्रिकेट के तीनों फार्मेट में अपना लोहा मनवा चुके पूर्व भारतीय क्रिकेटर और इंडियन प्रीमियर लीग टीम चेन्नई सुपरकिंग्स के सफल बल्लेबाज सुरेश रैना एक बार फिर से क्रिकेट में वापसी करने जा रह है। मीडिया रिपोर्ट की माने तो एक बार फिर से वो अपने बल्ले का जलवा दिखाएंगे। जानकारी के अनुसार सुरेश रैना का नाम लंका प्रीमियर लीग 2023 की खिलाड़ियों की नीलामी की सूची में शामिल है। खिलाड़ियों की नीलामी 14 जून को होगी। ऐसे में अब उनका जलवा विदेशी धरती पर देखने को मिलेगा। श्रीलंका क्रिकेट ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेटरों की सूची जारी की है जो 31 जुलाई से शुरू होने वाले पांच टीम के टूर्नामेंट के दौरान नीलामी में हिस्सा लेंगे।

आपको बता दें की रैना ने

# हम एलपीएल नीलामी में सबसे मजबूत पक्ष बनाने की कोशिश करेंगेः बाबर आजम

कोलंबो, कोलंबो स्ट्राइकर्स बुधवार, 14 जून 2023 को कोलंबो में होने वाली आगामी लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) नीलामी में एक शानदार टीम बनाने के लिए तैयार है।स्ट्राइकर्स पहले ही पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, प्रतिभाशाली पाकिस्तानी तेज गेंदबाज नसीम शाह और श्रीलंकाई टी20 स्टार मथीशा पथिराना और चमिका करुणारत्ने के साथ करार कर चुका है।नीलामी से पहले बाबर आजम ने कहा, नीलामी किसी भी फ्रेंचाइजी क्रिकेट टूर्नामेंट में सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। हमने उस तरह के खिलाड़ियों के बारे में बात की है जिनकी हमें जरूरत है और हम निश्चित रूप से टूर्नामेंट में सबसे मजबूत पक्ष बनाने की कोशिश करेंगे। इस बीच, कोलंबो स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच साइमन हेलमॉट ने कहा, टी20 क्रिकेट पिछले कुछ वर्षों में आगे बढ़ा है और विकसित हुआ है। हम कुछ विस्फोटक बल्लेबाजों और विकेट लेने वाले गेंदबाजों को हासिल करने की कोशिश करेंगे। हम एक



आक्रमक ब्रांड क्रिकेट खेलना चाहते हैं और हम करेंगे। हमारी योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए खिलाड़ियों के सही सेट की आवश्यकता है। गेंदबाजी कोच चामिंडा वास ने एक अच्छी गेंदबाजी इकाई हासिल करने के लिए टीम की रणनीति के बारे में बात की,उन्होंने कहा, हमने पिछले कुछ वर्षों में देखा है कि स्थानीय खिलाड़ी फ्रेंचाइजी क्रिकेट में बड़ा बदलाव लाते हैं। हमने कुछ नामों को शॉर्टलिस्ट किया है जिन्हें हम नीलामी में हासिल करना चाहते हैं। यह एक अच्छी तरह से संतुलित गेंदबाजी इकाई के निर्माण के बारे में होगा और उम्मीद है कि हम नीलामी में ऐसा करने में सक्षम होंगे।टीम के सहायक कोच जेरोम जयरत्ने ने कहा, नीलामी हमेशा मुश्किल होती है। हमें शांत और संयमित रहना होगा।

## फिल्मी सफर

# जरा हटके जरा बचके ने पकड़ी रफ्तार, बाकी फिल्मों की कमाई में भी उछाल

बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों जरा हटके जरा बचके का शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। फिल्म ने पहले हफ्ते में अच्छी कमाई की तो अब दूसरे हफ्ते में इसने रफ्तार पकड़ ली है। इसके अलावा, द केरल स्टोरी और स्पाइडर मैनः अक्रॉस द स्पाइडर वर्स की कमाई में भी वीकेंड पर बढ़त देखने को मिली है, वहीं इस हफ्ते रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म ट्रांसफॉर्मर्सः राइज ऑफ द बीस्ट इन्हें टक्कर दे रही है।

लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी जरा हटके जरा बचके एक फैमिली ड्रामा है, जो 2 जून को रिलीज हुई थी। फिल्म ने शुक्रवार को 3.42 करोड़ रुपये कमाए थे तो अब शनिवार को कलेक्शन बढ़ा है और अब यह जल्द 50 करोड़ के क्लब में भी शामिल हो जाएगी।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने रिलीज के 9वें दिन 5.76 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है और अब इसकी कुल कमाई 46.53 करोड़ रुपये हो गई है।

जरा हटके जरा बचके में सारा अली खान और विक्की कौशल की जोड़ी को पहली बार देखा गया है। फिल्म में दोनों ने इंदौर के एक मिडिल क्लास कपल, कपिल और सौम्या का किरदार निभाया है, जो अपने बड़े परिवार के साथ छोटे से घर में रहते हैं। ऐसे में दोनों साथ में समय नहीं बिता पाते और इसी के चलते तलाक लेने का फैसला लेते हैं ताकि सरकारी



आवास योजना का लाभ उठाकर उन्हें शहर में घर मिल जाए।

ट्रांसफॉर्मर्स फ्रेंचाइजी की नई फिल्म ट्रांसफॉर्मर्सः राइज ऑफ द बीस्ट ने 8 जून को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। फिल्म ने पहले दिन 4.4 करोड़ के साथ अपनी शुरुआत की थी तो दूसरे दिन इसका कलेक्शन 4.89 करोड़ रुपये रहा था, वहीं अब तीसरे दिन इसकी कमाई में इजाफा देखने को मिला है। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने शनिवार को 6.50 करोड़ रुपये कमाए हैं और ऐसे में तीन दिन में इसका कलेक्शन 15.79 करोड़ रुपये हो गया है। स्पाइडर मैनः अक्रॉस द स्पाइडर वर्स को दुनिया भर में काफी पसंद किया जा रहा है और भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी यह शानदार प्रदर्शन कर रही है। 10 अलग–अलग भाषाओं में रिलीज हुई इस फिल्म में अलग–अलग यूनिवर्स के कई स्पाइडर–मैन देखने को मिले हैं, जिसमें भारतीय स्पाइडर–मैन की आवाज क्रिकेटर शुभमन गिल बने हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने दूसरे शनिवार को 2.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। अब इसकी कमाई 30.63 करोड़ रुपये हो गई है।

द केरल स्टोरी 5 मई को रिलीज हुई थी और तभी से सुर्खियों में बनी हुई है। पहले जहां फिल्म को विरोध का सामना करना पड़ा तो रिलीज के बाद इसे दर्शकों ने काफी पसंद किया। फिल्म की रिलीज का छठा हफ्ता चल रहा है और यह बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने 37वें दिन 60 लाख रुपये का कलेक्शन किया है और अब इसकी कुल कमाई 239.42 करोड़ हो गई है।

# सुदीप्तो सेन करेंगे सुब्रत रॉय की बायोपिक का निर्देशन, सहाराश्री का पहला लुक आया सामने

सुदीप्तो सेन पिछले कुछ समय से अपनी फिल्म द केरल स्टोरी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जो अपनी रिलीज के 5 हफ्ते बाद भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। अब निर्देशक ने सहारा इंडिया परिवार के संस्थापक सुब्रत रॉय पर बायोपिक बनाने की घोषणा कर दी है। सहाराश्री नाम की इस फिल्म का पहला लुक जारी कर दिया गया हैं। हालांकि, अभी फिल्म में मुख्य अभिनेता कौन होगा, इसका ऐलान नहीं हुआ है।10 जून को बिजनेस टाइकून रॉय के जन्मदिन के मौके पर निर्माता संदीप सिंह और डॉ. जयंतीलाल गडा ने सहाराश्री के लिए निर्देशक सेन के साथ हाथ मिलाया है। इस बायोपिक में रॉय के जीवन के हर पहलू से लोगों को रूबरू कराया जाएगा। इसमें उनके एक मामूली शख्स रहते हुए संघर्ष करने से लेकर भारत के सबसे प्रभावशाली और गतिशील व्यक्ति बनने की




दास्तां को दिखाया जाएगा, जिसके बारे में हर कोई जानता है।पेन इंडिया लिमिटेड ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर फिल्म का फर्स्ट लुक साझा किया है। इस 36 सेकंड के वीडियो में एक व्यक्ति हाथ में रॉय द्वारा हस्ताक्षर किए भारत के लोगों के लिए 25 हजार करोड़ के चेक को लिए खड़ा है। व्हाइट शर्ट, टाई पर सहारा का लेबल और ब्लू ब्लेजर पर भारत का झंडा लगाए इस व्यक्ति के चेहरे को वीडियो में नहीं दिखाया गया, वहीं उनके पीछे हजारों लोगों की भीड़ नजर आ रही है।

सहाराश्री की शूटिंग महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, कोलकाता और लंदन में की जाएगी,

# ये करते हैं जज रैप सॉन्ग समाज के दोहरे मानकों की बात करता हैंः शर्लिन चोपड़ा



एक्ट्रेस शर्लिन चोपड़ा का कहना है कि उनका रैप सॉन्ग ये करते हैं जज समाज के दोहरे मानकों के बारे में बहुत कुछ बताता है। कहा जाता है कि यह गाना निरंतर और लगातार कड़े निर्णय पर आधारित है, जो एक्ट्रेस को अपने अपरंपरागत करियर और जीवन विकल्पों के कारण झेलना पड़ा है।

यह पूछे जाने पर कि क्या उनका रैप सॉन्ग कोई चौंकाने वाला खुलासा करेगा, 34 वर्षीय एक्ट्रेस ने जवाब दिया, यह आपको पता लगाना है! मेरा अपकमिंग रैप सॉन्ग हमारे समाज के दोहरे मानकों के बारे में बहुत कुछ बताता है। यह आसान नहीं है। खुद पर विश्वास करना आसान नहीं है।

मेरे रैप म्यूजिक वीडियो का मूल खुद पर विश्वास के साथ जीवन को बेहतरीन बनाने पर आधारित है। रैप गाने के बारे में जानकारी साझा करते हुए, शर्लिन कहती हैं, रैप गाना जिसे मुंबई के बाहरी इलाके में शूट किया गया है, स्पीड और स्वैग के साथ मुझे यकीन है कि यह युवाओं द्वारा बेहद पसंद किया जाने वाला है!

# गिप्पी ग्रेवाल ने बताया क्यों कैरी ऑन जट्टा 3 को देखते हैं पैन इंडिया की तरह

पंजाबी गायक और अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल इन दिनों सोनम बाजवा के साथ अपनी फिल्म कैरी ऑन जट्टा 3 का प्रचार करने में जुटे हुए हैं। अभिनेता यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनकी फिल्म भारत ही नहीं विदेशी दर्शकों तक भी पहुंचने में सफल रहे हैं। अभिनेता 29 जून को रिलीज हो रही कैरी ऑन जट्टा 3 को पैन इंडिया फिल्म के रूप में देखते हैं और चाहते हैं कि पंजाबी फिल्में दुनिया भर में अपनी पहुंच बनाए। कैरी ऑन जट्टा 3 कॉमेडी फिल्म है, जिसके पहले दोनों भागों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था और ऐसे में सभी ब्रेसब्री से इसका इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर मुंबई में आमिर खान और कपिल शर्मा की मौजूदगी में लॉन्च हुआ था, जिससे यह पंजाब के बाहर ट्रेलर लॉन्च करने वाली पहली पंजाबी फिल्म बन गई थी। इस दौरान सितारों ने कहा



था कि इस फिल्म को दुनिया भर में ले जाना चाहते हैं। गिप्पी ने बताया कि क्यों वह कैरी ऑन जट्टा 3 को एक पैन इंडिया फिल्म के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा, कोई भी फिल्म जिसे हम एक बड़े मंच पर लाते हैं, उसमें पैन इंडिया स्तर का कुछ खास होना चाहिए, जो दर्शकों को भा जाए। उन्होंने कहा, कैरी ऑन जट्टा 1 ने अपनी अलग पहचान बनाई, इसलिए दूसरा भाग दुनिया के हर पंजाबी तक पहुंचा और गैर–पंजाबी दर्शकों ने इसे पसंद लिया। गिप्पी और निर्माता तीसरे भाग को पूरे भारत में रिलीज करना चाहते थे। गिप्पी ने कहा, हमने महसूस किया कि गैर–पंजाबी भाषी दर्शक या भारत के बाहर के दर्शक हमारी फिल्म को ऑनलाइन ही देखते थे। हमारा सिनेमा दिन–ब–दिन आगे बढ़ रहा है और हम चाहते हैं कि यह और भी बड़ा हो।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com